NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :-208, पृष्ठ : 12 | मंगलवार, 03 फरवरी, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र


# लोकसभा में पीएम मोदी के खिलाफ नारे

## अमेरिका-भारत ट्रेड डील पर चर्चा की मांग, विपक्ष ने कहा- भारतीय किसानों से विश्वासघात हुआ

**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों में आज अमेरिका-भारत ट्रेड डील पर चर्चा की मांग की गई। लोकसभा में विपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए। बजट सत्र के पांचवें दिन लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई और 8 मिनट ही चली। सदन 12 बजे तक स्थगित किया गया।

दूसरी बार भी सदन की कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल सकी। स्पीकर ने सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित की है। लोकसभा स्पीकर ने विपक्षी सांसदों से कहा- नारेबाजी गलत है, नियमों के खिलाफ है। इसके बावजूद विपक्ष लगातार हंगामा करता रहा।



राज्यसभा में विपक्ष ने ट्रेड डील पर चर्चा की मांग को लेकर सदन का वॉकआउट किया। विपक्ष ने भारत में आने वाले अमेरिकी कृषि उत्पादों पर इंपोर्ट ड्यूटी को घटाकर शून्य करने पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि अगर ऐसा हुआ तो देश के किसानों को नुकसान होगा।

विपक्षी सांसदों ने सदन के बाहर भी ट्रेड डील को लेकर विरोध प्रदर्शन किया है। सूत्रों के मुताबिक, हंगामे को लेकर स्पीकर ओम बिरला ने कांग्रेस और भाजपा सांसदों के साथ बैठक की है। ताकि सदन बिना हंगामा के चलाया जा सके। कांग्रेस

> राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा अभी जारी है। लोकसभा में इसकी शुरुआत अच्छी रही थी, लेकिन राहुल गांधी की वजह से पूरी बहस बाधित हो गई थी। राज्यसभा में भी अच्छी चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को समझदारी दिखानी चाहिए। मुझे उम्मीद है कि वे सुधार करेंगे।
>
> **किरण रिजिजू, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री**

सांसदरणदीप सुरजेवाला ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर विपक्ष ने सरकार से जवाब मांगा है।

> भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर हम जानना चाहते है कि इस समझौते में आखिर है क्या। विपक्ष केवल स्पष्टता मांग रहा है। हमें नहीं पता कि डील की शर्तें क्या हैं। हमारे पास सिर्फ डोनाल्ड ट्रम्प का पोस्ट और नरेंद्र मोदी का पोस्ट है, क्या संसदीय लोकतंत्र में इतना ही काफी है?
>
> **शशि थरूर, कांग्रेस नेता**

यह देश का सबसे बड़ा दुर्भाग्य है कि पहले बीजेपी ने तीन काले कृषि कानूनों के जरिए खेती को बेचने की साजिश रची और अब अमेरिका के सभी कृषि उत्पाद भारत में 0 प्रतिशत शुल्क पर बेचे जाएंगे। किसानों के साथ इससे बड़ा विश्वासघात और क्या हो सकता है? उन्होंने कहा कि इसका क्या मतलब है? अमेरिका का कपास, मक्का, गेहूं, डेयरी उत्पाद, बादाम और सेब भारत में बिना किसी ड्यूटी के बिकेंगे तो फिर भारत के किसानों का क्या होगा?

कांग्रेस सांसद ने कहा कि सरकार को आगे आकर इस समझौते को सदन के पटल पर रखना चाहिए और यह चर्चा होनी चाहिए कि किस तरह मोदी सरकार ने अंधेरे में भारतीय किसानों के हितों को गिरवी रखा। हमेशा की तरह बीजेपी इस मुद्दे को दबाने की कोशिश कर रही है।

# अमेरिका से ट्रेड डील पर मोदी का स्वागत

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता पूरा हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुद इस ट्रेड डील का ऐलान किया है। अब मंगलवार को एनडीए की संसदीय दल की बैठक का आयोजन किया गया। यहां पीएम मोदी का सम्मान किया गया। संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील का जिक्र किया और कहा कि इस सदी की सबसे बड़ी घटना भारत का सेंटर स्टेज पर आना है। पीएम मोदी ने एनडीए संसदीय दल की बैठक में कहा- "दुनिया में भारत की



पूछ हो रही है। दुनिया के संतुलन में भारत की भूमिका अहम है। भारत दुनिया के सेंटर स्टेज में है और ये इस सदी की सबसे बड़ी घटना है।" पीएम मोदी ने संसदीय दल की बैठक में चुटकी लेते हुए कहा कि "कुछ लोग टैरिफ के फैसले से टूट पड़े थे। जब भारत पर टैरिफ लगा तो विपक्षी कटघरे में खड़ा करने लगे अलग-अलग सवाल पूछने लगे थे।"

# उत्तराखंडः 30 यात्रियों से भरी बस गहरी खाई में गिरी, 3 लोगों की मौत, कई घायल; रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**देहरादून।** जिले के कालसी इलाके में हिमाचल प्रदेश ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की एक पैसेंजर बस गहरी खाई में गिर गई। हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। इनमें 6-7 लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे के वक्त बस में करीब 30 यात्री सवार थे। मृतकों में दो महिला और एक पुरुष शामिल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स ने बताया कि मंगलवार को उत्तराखंड के देहरादून जिले के कालसी में क्वानू-मीनस रोड के दूरदराज इलाके में हिमाचल रोडवेज की एक बस का एक्सीडेंट हो गया और वह गहरी



खाई में गिर गई। जानकारी मिलने के बाद और एसडीआरएफ कमांडेंट अर्पण यदुवंशी के आदेश पर, डाकपत्थर, चकराता, मोरी और ट्यूनी की रेस्क्यू टीमों को तुरंत एक्सीडेंट वाली जगह पर भेजा गया।

इस घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कि हमें कालसी इलाके (देहरादून) में हिमाचल ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की एक बस के दुर्घटनाग्रस्त होने की बेहद दुखद खबर मिली है। मैंने फोन पर जिला मजिस्ट्रेट से बात की और जरूरी निर्देश दिए। जिला प्रशासन और पुलिस ने तुरंत राहत और बचाव अभियान शुरू कर दिया है। सभी आस-पास के मेडिकल सेंटरों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। अगर जरूरत पड़ी, तो गंभीर रूप से घायल यात्रियों को एयरलिफ्ट करके उन्नत मेडिकल सेंटरों में भर्ती कराया जाएगा। मैं सभी यात्रियों की सुरक्षित सेहत के लिए भगवान से प्रार्थना करता हूं।




# यूपी-राजस्थान समेत 9 राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आएगा। मौसम विभाग ने बताया कि एक नया पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहा है, जिसका असर दिल्ली-ठउफ समेत कई राज्यों में देखने को मिलेगा। इसके प्रभाव से पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी, जबकि मैदानी क्षेत्रों में बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग ने आज यानी 3 फरवरी को भी उत्तर भारत के 7 राज्यों में भारी बारिश की आशंका जताई है। इसके अलावा, 2 अन्य राज्यों में भी वर्षा को लेकर चेतावनी जारी की गई है। कुल मिलाकर 9 राज्यों में मौसम खराब रहने की संभावना है। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब, हरियाणा, पूर्वी राजस्थान और महाराष्ट्र शामिल हैं।



सोमवार को घने कोहरे के बाद राजधानी दिल्ली में आज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। बारिश की वजह से तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग ने बताया है कि मंगलवार को दिल्ली में हल्का कोहरा भी छा सकता है। आज दिल्ली का न्यूनतम तापमान करीब 9 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

**कोहरे के कारण 60 से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित**

वहीं, घने कोहरे के कारण दिल्ली से चलने वाली 60 से अधिक ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से 7 से 8 घंटे की देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**यूपी में बारिश, बिहार में साफ मौसम**

उत्तर प्रदेश में आज तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना है। आजमगढ़, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, सोनभद्र, महोबा, ललितपुर, झांसी, प्रयागराज, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, मऊ, प्रतापगढ़ और बलिया समेत कई जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं बिहार में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। हालांकि, सुबह के समय हल्का कोहरा छा सकता है। राजधानी पटना में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है।

**उत्तराखंड और हिमाचल में मौसम का मिजाज**

उत्तराखंड में भी मौसम का मिजाज बिगड़ने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार नैनीताल, अल्मोड़ा, चमोली, पौड़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़, बागेश्वर और टिहरी गढ़वाल जिलों में बारिश हो सकती है। बारिश के कारण तापमान में गिरावट आने की संभावना है। वहीं, मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश के मध्य और ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश और बर्फबारी का पूर्वानुमान जारी किया है। मंगलवार को राज्य में हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है।



## बाहुबली अनंत सिंह जेल से सीधे आए विधानसभा, सीएम नीतीश से मिले

**पटना।** बिहार की मोकामा विधानसभा सीट से जेडीयू के विधायक अनंत सिंह मंगलवार को विधायक पद की शपथ लेने के लिए बिहार विधानसभा पहुंचे। बता दें कि दुलारचंद यादव हत्याकांड में गिरफ्तारी के बाद बेउर जेल में बंद होने के कारण वे पहले शपथ नहीं ले पाए थे। हालांकि, कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद अनंत सिंह ने मंगलवार को विधानसभा में शपथ ली। इस दौरान वह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी मिले। बाहुबली विधायक अनंत सिंह ने बिहार विधानसभा में विधायक पद की शपथ लेने से पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। इस घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है।आपको बता दें कि इससे पहले सोमवार को पटना सिविल कोर्ट ने जेल में बंद विधायक अनंत सिंह को विधानसभा में शपथ ग्रहण करने की अनुमति दे दी थी।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को अयोध्या में न घुसने देने की चेतावनी

**अयोध्या।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को लेकर विवाद तेज होता जा रहा है। अयोध्या में तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थन में अविमुक्तेश्वरानंद के लिए चेतावनी जारी की है। उन्होंने शंकराचार्य को अयोध्या में प्रवेश न करने देने की चेतावनी जारी की है। बताते चलें कि हाल ही में अयोध्या में जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थन में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा की जा रही अभद्र टिप्पणी से आहत होकर इस्तीफा दिया था। इसी कड़ी में जगद्गुरु परमहंस आचार्य भी जुड़ गए हैं। जगद्गुरु परमहंस आचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर की गई कथित अभद्र टिप्पणियों से नाराज हैं। परमहंस आचार्य का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को औरंगजेब और हुमायूं का बेटा कहना अत्यंत निंदनीय है। यह एक संत को शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सनातन धर्म और उत्तर प्रदेश के हित में लगातार काम कर रहे हैं। इस तरह की भाषा अस्वीकार्य है।

## 'लद्दाख को नेपाल-बांग्लादेश जैसा बनाना चाहते थे वांगचुक'

### सुप्रीम कोर्ट में बोली केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। केंद्र सरकार ने कोर्ट से कहा कि सोनम वांगचुक ने युवाओं को भड़काने और देश के खिलाफ सोच फैलाने की कोशिश की है, इसलिए उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया।

केंद्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वांगचुक अपने भाषणों में केंद्र सरकार को 'वे' कह रहे थे। सरकार का कहना है कि 'हम और वे' जैसी भाषा देश को बांटने वाली होती है। उनके मुताबिक, यही बात



एनएसए लगाने के लिए काफी है।

सरकार ने यह भी आरोप लगाया कि वांगचुक ने युवाओं, खासकर जेनजी को भड़काया और कहा कि लद्दाख में नेपाल और बांग्लादेश जैसे हालात बनाए जाने चाहिए। सरकार ने कहा कि उन्होंने अपने भाषणों में आत्मदाह जैसी बातों का जिक्र किया, जो हिंसा को बढ़ावा देने वाला है।

तुषार मेहता ने कहा कि लद्दाख देश की सुरक्षा के लिए बहुत अहम इलाका है, क्योंकि यहां से सेना को सप्लाई जाती है। ऐसे में वहां अलगाव की बातें करना देश के लिए खतरा हो सकता है। सरकार ने बताया कि वांगचुक ने कुछ मौकों पर जनमत संग्रह यानी लोगों से अलग फैसला कराने जैसी बातें भी कही थीं।

**आज भी होगी सुनवाई**

वहीं, सोनम वांगचुक की पत्नी गितांजलि अंगमो की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में कहा गया कि उनके पति ने सिर्फ अपनी बात रखने और शांतिपूर्ण विरोध करने का हक इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की आलोचना करना किसी भी नागरिक का अधिकार है और इसके लिए जेल में डालना गलत है। मंगलवार को भी इस मामले में सुनवाई जारी रहेगी।

# फ्यूल स्विच में गड़बड़ी पर एअर इंडिया सतर्क, बोइंग 787 विमानों की जांच शुरू

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया के पायलट ने लंदन से बंगलूरू फ्लाइट के उड़ान भरने से पहले बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान में ईंधन नियंत्रण स्विच (फ्यूल कंट्रोल स्विच) में खराबी की सूचना दी। जिसके बाद विमान को उड़ान भरने से रोक दिया गया। अब इस घटना के बाद एअर इंडिया ने अपने बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े में फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच शुरू कर दी है।

विमान लंदन से बंगलूरू के लिए उड़ान एआई-132 का संचालन कर रहा था और सोमवार सुबह बंगलूरू उतारा था। विमान में करीब 200 लोग सवार थे। सूत्रों के अनुसार ईंधन नियंत्रण स्विच रन स्थिति में नहीं था और कट ऑफ स्थिति की ओर बढ़ गया था। दरअसल, रन और कट ऑफ का इस्तेमाल क्रमशः इंजन को चालू या बंद करने की स्थिति में किया जाता है।

सूत्रों के हवाले से बताया कि करीब आधे विमान बेड़े की जांच पूरी हो गई है और कोई गड़बड़ी नहीं




मिली है, लेकिन एअर इंडिया के बाकी विमानों की जांच अभी भी जारी है। एयरलाइन कंपनी के इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट ने लंदन-बंगलूरू फ्लाइट में सामने आई खराबी के बाद इस मामले को प्राथमिकता के आधार पर जांच के लिए बोइंग को भेजा है।

मालूम हो कि एअर इंडिया के पास 33 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान हैं। सूत्रों के मुताबिक एअर इंडिया के फ्लाइट ऑपरेशंस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मनीष उप्पल ने बोइंग 787 के पायलटों को बताया कि एयरलाइन ने विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की पूरे बेड़े में दोबारा जांच शुरू कर दी है। उप्पल ने कहा कि एयरलाइन की इंजीनियरिंग टीम ने प्राथमिकता के आधार पर जांच के लिए इस मामले को बोइंग को भेज दिया है।

उन्होंने मंगलवार को एक ईमेल में कहा, 'इस बीच जब तक हम बोइंग के जवाब का इंतजार कर रहे हैं, हमारे इंजीनियरों ने एहतियात के तौर पर सामान्य संचालन की पुष्टि करने के लिए फ्यूल कंट्रोल स्विच लैच की पूरे फ्लीट (बेड़े) में दोबारा जांच शुरू कर दी है।' उप्पल ने यह भी कहा कि जिन विमानों की यह दोबारा जांच पूरी हो गई है, उनमें कोई विपरीत बात सामने नहीं आई है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
मंगलवार, 03 फरवरी, 2026


# शब-ए-बारात गुनाहों से निजात की रात

एनएनआई

**आगरा।** शब-ए-बरात पर आज यानी मंगलवार की रात इबादत से सजेगी। मुस्लिम समाज के लोग पूरी रात इबादत में मशगूल रहकर गुनाहों (पापों) से तौबा करेंगे। अपने मरहूमो की कब्रो पर जाकर उनकी मगफिरत के लिए दुआ करेंगे।

शब-ए-बारात उर्दू इस्लामिक कैलेंडर के शाबान माह के 15वीं तारीख को मनाया जाता है। इस रात को लैलेतुल-ए-बरात की रात भी कहा जाता है। इस रात में इबादत करने वालों को एक हजार महीनों के बराबर सवाब मिलता है। शब-ए-बारात पर घरों, मस्जिदों व कब्रिस्तानों की साफ-सफाई जोरों पर की जा रही है। शब-ए-बारात में पकने वाले पकवान को लेकर सामग्री की बाजार में खरीदारी चल रही है। शब-ए-बारात हर ईमानवालों के लिए खास महत्व रखता है। यह रात गुनाहों से निजात की रात है। इस रात में अल्लाह आसामान-ए-दुनिया की तरफ होते हैं। हजरत जिब्रिल फरिश्तों की टीम के साथ जमीन पर उतरते हैं। इबादत करने वालों की दुआ सीधे-सीधे अल्लाह तक पहुंचती है। मगरिब की नमाज के बाद लोग अपने-अपने रिश्तेदारों की कब्र पर जा कर दुआ-ए-मगफिरत करते हैं और इबादत में गुजारते हैं। यह सिलसिला सुबह की नमाज तक चलेगा । शब-ए-बरात के दूसरे दिन लोग नफिल रोजा रखते हैं।

**लोगों को इस रात मिलती है रोजी**

शब-ए-बरात की रात कई मायनों में महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस रात में फरिश्ते साल भर का लेखा-जोखा अल्लाह के समक्ष पेश करते हैं। किसे रोजी देना है, किसे दुनिया में भेजना है, दुनिया से कौन लोग परदा फरमायेंगे, तमाम चीजों पर अल्लाह की मुहर लगती है।

**इनकी कबूल नहीं होती दुआ**

इस रात में मुशरिक, मां-पिता से झगड़ा करने वाले, शराब पीने वाले, कमजोर व असहाय पर अत्याचार करने वाले और मन में दुश्मनी या बदला का भाव रखने वालों की अल्लाह दुआ कबूल नहीं फरमाते हैं। रिश्तेदारों से दूरी रखने वाले की भी दुआ कबूल नहीं होती है।

**ज्यादा से ज्यादा करें इबादत**

मुस्लिम समाज के धर्म गुरुओं ने कहा कि ईमानवालों को चाहिये कि घरों में जाग कर ज्यादा से ज्यादा इबादत करें। गुनाहों से तोबा करें। नफील की नमाज कसरत से पढ़ें। तस्बीहात पढ़ें, कुरान-ए-पाक की इबादत करें। त्योहार का उद्देश्य शब-ए-बारात आपस में मिल कर रहने का पैगाम देता है। कमजोर व असहायों लोगों की मदद निरूस्वार्थ भाव से करें। एक-दूसरे के लिए काम आये। किसी पर अत्याचार नहीं करें, समाज की भलाई के लिए काम करें। उलेमाओं ने पटाखा नहीं छोड़ने की अपील की।

## शहर के इन मार्गो पर 16 घंटे तक रहेगी नो एंट्री

एनएनआई

**आगरा।** शब-ए-बारात को लेकर आगरा में तीन और चार फरवरी को यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। मुस्लिम समुदाय के इस धार्मिक पर्व को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने ट्रैफिक डायवर्जन और नो-एंट्री लागू करने का निर्णय लिया है।




पुलिस-प्रशासन द्वारा किए गए ट्रैफिक बदलाव के तहत मंगलवार 3 फरवरी को शाम 4 बजे से 4 फरवरी की सुबह दस बजे तक आगरा शहर में सभी प्रकार के भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही सेंट जोंस चैराहा से कलेक्ट्रेट तिराहा, पंचकुइयां से सुभाष पार्क तिराहा और नालबंद से पंचकुइयां चैराहा तक सभी प्रकार के दोपहिया, तिपहिया, चारपहिया वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। इन मार्गो पर केवल पैदल आवाजाही की अनुमति होगी।

शब-ए-बारात के जुलूसों को सुरक्षित रूप से निकलवाने के लिए नेशनल हाईवे-19 पर यातायात बेहद धीमी गति से संचालित किया जाएगा। अबुलउल्ला दरगाह क्षेत्र में जिग-जैग बैरियर लगाकर जरूरत पड़ने पर वाहनों को पूरी तरह रोका जाएगा। रोहता नहर, मलपुरा नहर, पथौली नहर, रामबाग, वाटर वर्क्स, भगवान टॉकीज, खंदारी, सिकंदरा, बोदला, एत्माद्दौला समेत आगरा के सभी प्रमुख प्रवेश मार्गों से भारी वाहनों की एंट्री बंद रहेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस अवधि में पहले से जारी सभी नो-एंट्री पास और परमिट निरस्त रहेंगे और रात 11 बजे खुलने वाली नो-एंट्री भी नहीं खोली जाएगी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## फर्जी लोन ऐप, अवैध सिम रैकेट का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** साइबर क्राइम पुलिस ने फर्जी लोन ऐप और अवैध सिम बेचने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया है। इस कार्रवाई में गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लैपटॉप, मोबाइल फोन, थम्ब इम्प्रेशन मशीन और बड़ी संख्या में सिम कार्ड बरामद किए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर चलाए जा रहे साइबर अपराध विरोधी अभियान के तहत यह सफलता मिली। अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम के नेतृत्व में टीम ने भारत सरकार के समन्वय तथा प्रतिबिम्ब पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की गहन जांच के बाद यह कार्रवाई की।

पुलिस जांच में सामने आया कि अभियुक्तों ने 'महान किट प्रा.लि.' नाम से एक फर्जी फर्म बनाई थी। इसके जरिए कई फर्जी लोन ऐप तैयार कर प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर पर लॉन्च किए गए। इन ऐप्स को डाउनलोड करने वाले लोगों के यूपीआई पर कुछ रुपये भेजकर उन्हें लोन दिखाया जाता था और परमिशन के नाम पर उनके मोबाइल का पूरा डेटा एक्सेस कर लिया जाता था। इसके बाद ऊंची ब्याज दर पर वसूली की जाती थी। यदि पीड़ित भुगतान नहीं कर पाते थे, तो उनकी तस्वीरें एडिट कर उन्हें और उनके परिजनों को भेजकर डराया और बदनाम किया जाता था। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह अब तक लगभग 800 लोगों से ठगी कर चुका है।

गिरोह के दो सदस्य बाहर से आए मजदूरों और अशिक्षित लोगों के नाम पर सिम कार्ड चालू कराते थे। वे इन सिमों को संबंधित व्यक्ति को न देकर, उन्हें महंगे दामों पर तथाकथित रिकवरी एजेंटों को बेच देते थे। इन अवैध सिम कार्डों का उपयोग साइबर अपराधों को अंजाम देने के लिए किया जाता था।

पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 2 लैपटॉप, 6 मोबाइल फोन, 18 सिम कार्ड और 1 थम्ब इम्प्रेशन रीडिंग मशीन बरामद की है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में राघव (पुत्र शिवनन्दन, जहारवीर नगर, सिरसागंज), रजनीश (पुत्र श्रीकृष्ण यादव, कौरारा रोड बाईपास, सिरसागंज), सोनू (पुत्र सर्वेश कुमार, जहारवीर नगर, सिरसागंज), नीलेश (पुत्र रामप्रवेश, कुतुबपुर, नसीरपुर) और पुष्पेन्द्र (पुत्र रवीश कुमार, नगला कन्ही, खैरगढ़) शामिल हैं। गिरोह का मैनेजर महेश कुमार, जो गुरुग्राम (हरियाणा) का निवासी है, अभी फरार है।

## पिता ने किया 12 साल के बच्चे का कत्ल

### बक्से में खून से लथपथ मिला शव, हत्यारोपी फरार, पुलिस कर रही तलाश

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** मोहल्ला जिजौली में सोमवार को हंसिया से ताबड़तोड़ वार कर एक पिता ने अपने 12 वर्षीय बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी। वारदात के बाद पिता ने बेटे मयंक के शव को घर में ही एक बक्से में बंद कर ताला लगा दिया और भाग निकला। पति-पत्नी के बीच घरेलू कलह के साथ लंबे समय से संपत्ति विवाद चल रहा था।

पुलिस को छानबीन के दौरान आरोपी पिता राजेश के घर के पीछे खाली प्लॉट में हत्या में इस्तेमाल हंसिया और खून से सना एक बोरा बरामद हुआ। पुलिस का मानना है कि हत्यारोपी राजेश ने इसी वजह से योजनाबद्ध तरीके से इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक मयंक की मां उर्मिला देवी निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। परिवार में पति राजेश कुमार राजपूत, 16 वर्षीय बेटी महिमा और 12 वर्षीय बेटा मयंक राजपूत थे। उर्मिला के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 3 बजे जब वह स्कूल से घर लौटीं तो सीढ़ियों से लेकर कमरों और रसोई तक फर्श और दीवारों पर खून बिखरा था। कक्षा पांच में पढ़ने वाला बेटा मयंक लापता था।



सूचना पर पहुंची पुलिस ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद स्टोर रूम में रखे एक बंद बक्से से मयंक का लहूलुहान शव बरामद किया। घर के हर हिस्से में खून के छींटे इस बात की गवाही दे रहे थे कि मयंक ने जिंदा रहने के लिए काफी संघर्ष किया।

एसएसपी सौरभ दीक्षित ने बताया कि आरोपी पिता की तलाश के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं। बच्चे के मामा की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

मासूम मयंक की हत्या की जड़ें काफी पुरानी और कड़वाहट भरी हैं। मां उर्मिला देवी के अनुसार, वर्ष 2002 में राजेश के साथ उनकी शादी हुई थी, लेकिन सुख-शांति उनके जीवन से कोसों दूर रही। परिवार मूलरूप से मटसैना थाना इलाके के गांव नगला मवासी का रहने वाला है। उर्मिला ने रोते हुए कहा कि उसने तो बस पति से बच्चों के लिए सुरक्षित आशियाना मांगा था मगर, क्या पता था सुहाग ही कलेजे के टुकड़े का कत्ल कर देगा। उन्होंने हत्यारे पति को फांसी की सजा देने की मांग की।

उर्मिला ने बताया कि ससुराल पक्ष और पति का व्यवहार हमेशा से उत्पीड़न वाला रहा। दिसंबर 2024 में विवाद इतना बढ़ गया कि राजेश और उसके परिवार वालों ने 16 साल की बेटी महिमा और 12 साल के बेटे मयंक के साथ घर से निकाल दिया था। उस वक्त अपने और बच्चों के हक के लिए ससुराल के बाहर धरना देना पड़ा था। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद ही उन्हें दोबारा घर में शरण मिल सकी थी।

**तीन माह पहले ही आई थी घर में**

विवाद के बाद समझौते के तौर पर पति और ससुराल वालों ने मिलकर जिजौली में खाली पड़ी जमीन पर एक नया मकान बनवाया था। इस नए घर में अपने बच्चों के साथ महज तीन माह पहले ही रहने आई थी। लगा था कि अब शायद विवाद खत्म हो जाएगा और जीवन पटरी पर लौट आएगा, लेकिन ऐसा हो जाएगा, यह नहीं पता था।

# थानों में शपथ लेकर तौबा करने वाले नहीं छोड़ रहे 'बुरी आदत'

**जनवरी में शराब तो फरवरी में सट्टे-जुआ से पुलिस का गुडवर्क शुरू, आठ दबोचे**

एनएनआई

**एत्मादपुर।** जिले के थानों में शपथ लेकर आपराधिक कार्यों में लिप्त रहने से तौबा करने वाले आदतन अपराधी किस्म के लोग अपनी बुरी आदत नहीं छोड़ रहे हैं। नतीजतन नये साल में अवैध देसी शराब बेचने वालों को दबोचकर गुडवर्क की शुरूआत करने वाली पुलिस ने दूसरे माह की शुरूआत भी आदतन सट्टेबाज-जुआरियों को दबोचने से की है। इलाका पुलिस ने रविवार को इंडियन आयल डिपो के पास से जुआ के फड़ पर छापा मारकर सात टैंकर चालक और हेल्परों को रंगे हाथ जुआ खेलते पकड़ लिया। मितावली ग्राम से वृद्ध सटोरिया को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार कस्बा चौकी प्रभारी दीपक खोखर और उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह यादव, पार्थ सारथी, कांस्टेबल सुनील कुमार की टीम ने रविवार शाम को लगभग 6.45 बजे इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड के आगरा स्मार्ट टर्मिनल (डिपो) के मुख्य गेट के पास खाली भीकनपुर ग्राम पंचायत के



चारागाह के मैदान पर अवैध रूप से खड़े होने वाले टैंकरों की आड़ में चल रहे जुआ के फड़ पर छापा मारा। टीम ने यहां से सात लोगों को रंगे हाथ जुआ खेलते हुए दबोच लिया। पकड़े गए जुआरियों के नाम सौरभ कुमार (25 वर्ष) पुत्र अतर सिंह नगला गंगाराम, मनोज कुमार (40 वर्ष) पुत्र शिवनंदन व शिवनाथ सिंह (39 वर्ष) पुत्र ध्रुव सिंह निवासीगण छोटा भागूपुर, कुलदीप कुमार (35 वर्ष) पुत्र कमलेश कुमार निवासी जनता प्राइमरी स्कूल मोहल्ला सत्ता, मुकेश कुमार (27 वर्ष) पुत्र महेंद्र सिंह निवासी अमर विहार कालोनी, कुलदीप (27 वर्ष) पुत्र कमल सिंह निवासी अरमरा जाट थाना मक्खनपुर जिला फिरोजाबाद, ओमप्रकाश (28 वर्ष) पुत्र त्रिलोक सिंह उर्फ मच्छर निवासी स्टेशन रोड हैं। पुलिस ने इनके पास से 3,750 रुपए बरामद किए हैं। वहीं मितावली ग्राम से शेखपुरा जाने मार्ग से उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह ने भागीरथ सिंह (61 वर्ष) पुत्र चित्तर सिंह को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए सट्टा पर्ची और 3635 रुपए की नकदी समेत गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि पुलिस ने बीते वर्ष जिले के थाना क्षेत्रों में अवैध मिट्टी-बालू खनन, खुले में शराब पीने और बेचने, नाल पर जुआ के फड़ चलाने, सट्टेबाजी, चरस, गांजा मादक पदार्थों की बिक्री आदि अवैध अनैतिक काले धंधों में संलिप्त हिस्ट्रीशीटरों और अन्य अपराधियों को अच्छा नागरिक बनने की शपथ ग्रहण कराकर तौबा कराई थी। लेकिन पुलिस कमिश्नरेट के आला अधिकारियों की इस अनूठी पहल की सफलता की चुगली विभागीय गुडवर्क ही कर रहा है।

# पांच हजार के दानपत्र से बेच दी पांच करोड़ की धर्मशाला, गंभीर आरोप

एनएनआई

**आगरा।** नामनेर चौराहे पर स्थित 100 साल पुरानी धर्मशाला पांच हजार के दानपत्र से बेच दी गई। इस मामले की शिकायत सीएम योगी तक पहुंच गई है नामनेर चौराहे पर स्थित चुन्नीलाल अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट की 100 साल पुरानी धर्मशाला की बेशकीमती संपत्ति को खुर्द-बुर्द करने का बड़ा मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ कथित ट्रस्टियों, भूमाफिया ने सब रजिस्ट्रार से मिलीभगत कर धोखाधड़ी से पांच करोड़ की संपत्ति पांच हजार रुपये के दानपत्र से बेच दी। मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचने के बाद जांच शुरू हो गई है.ट्रस्ट से जुड़े अग्रवाल समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री से भूमाफिया के



खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाई थी। शिकायतकर्ता ट्रस्टी कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने बताया कि स्वर्गीय चुन्नीलाल अग्रवाल ने वर्ष 1927 में निःसंतान होने के कारण अपनी संपत्ति संख्या 2/204 एवं 2/205 ट्रस्ट के नाम कर दी थी। डीड की शर्तों के अनुसार, ट्रस्टियों को केवल देख-रेख का अधिकार था, बेचने या दान करने का नहीं।वर्ष 2010 में अग्रवाल समाज ने मौखिक रूप से कुछ नए ट्रस्टी नियुक्त किए थे। आरोप है कि उन्होंने खुद को मुख्य ट्रस्टी बताकर 30 जून 2025 को संपत्ति समर्पण समिति के नाम अवैध रूप से दान कर दी। करीब 300 वर्ग गज में बनी दो मंजिल धर्मशाला पर कब्जे की कोशिश की गई लेकिन वे कामयाब नहीं हो सके।इस मामले में दानपत्र पंजीकृत करने वाले सब रजिस्ट्रार की भूमिका भी संदिग्ध है। सीएम को भेजी शिकायत में सब रजिस्ट्रार पर ट्रस्ट की संपत्तियों के हस्तांतरण में नियमों को दरकिनार करने के आरोप लगे हैं। शिकायत में दोषी व्यक्तियों के साथ सब रजिस्ट्रार के खिलाफ भी धोखाधड़ी व अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की गई है।

निबंधन सहायक महानिरीक्षक योगेश कुमार ने बताया कि सब रजिस्ट्रार ने नियमों का उल्लंघन किया या नहीं, इस बिंदु पर जांच कराई जा रही है। आरोप सही साबित होने पर सब रजिस्ट्रार के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# टक्कर मारने वाले डंपर चालक ने कार स्वामी को साथियों संग पीटा

एनएनआई

**एत्मादपुर।** बरहन-एत्मादपुर की माडल सड़क के खंदौली चौराहा पर रविवार की शाम एक डंपर के कार से टकराने पर पर हंगामे के बाद जमकर मारपीट हुई। आरोप है कि डंपर चालक ने टक्कर लगने पर कहासुनी करने वाले कार स्वामी चालक की अपने 8-10 साथियों को बुलाकर लाठी-डंडों से बुरी तरह पिटाई लगा दी। पीड़ित कार स्वामी ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है।

थाना क्षेत्र के गांव सिकतरा निवासी शोभित कुमार पुत्र यतेंद्र सिंह ने बताया कि एत्मादपुर नगर में उनकी मोबाइल फोन बेचने की दुकान है। रविवार की शाम करीब 7.53 बजे वह अपनी खंदौली चौराहा (बरहन रोड) स्थित दुकान से आगरा की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान खंदौली चौराहा पर डंपर (ट्रक) संख्या आरजे 11 जीसी 9626 के चालक ने लापरवाही पूर्ण ढंग से उनकी सफेद रंग की हुंडई ओरा न्यू कार में टक्कर मार दी। इस पर उन्होंने कहासुनी की तो डंपर चालक ने मोबाइल फोन के माध्यम से अपनी जान-पहचान के 8-10 लड़कों को बुलाकर मेरे साथ लाठी-डंडों से बेरहमी पूर्वक मारपीट कर घायल कर दिया। मदद के लिए चीख-पुकार करने पर आस-पास के लोग आ गए तो हमलावर आज तो बच गया, अब तुझे आगे जिंदा नहीं छोड़ेंगे की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस प्रवक्ता का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर डंपर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। चालक और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

### सरकारी राशन की कालाबाजारी

# राजस्थान बॉर्डर पर 29 कुंतल चावल ले जा रही मैक्स पकड़ी

एनएनआई

**आगरा।** खेरागढ़ में कालाबाजारी को ले जाते हुए राजस्थान के सीमावर्ती गांव कुल्हाड़ा से पुलिस ने सोमवार को सरकारी राशन के चावल से भरी मैक्स गाड़ी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसमें 53 कट्टों में भरा करीब 29 कुंतल चावल बरामद हुआ है। राशन माफिया सुमित अग्रवाल सहित एक व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया है। वहीं चालक भागने में सफल हो गया।

जानकारी के अनुसार दोनों से चावल की आपूर्ति, भंडारण आदि की जानकारी के प्रयास किए जा रहे हैं। सुमित अग्रवाल बड़ा राशन माफिया है, जोकि पूर्व में राशन की कालाबाजारी में जेल जा चुका है। पुलिस की सूचना पर थाना खेरागढ़ पहुंचे आपूर्ति विभाग के एआरओ सूर्यप्रकाश पाठक, पूर्ति निरीक्षक



सुमलिका सक्सेना एवं अमरनाथ मौर्या ने मौके पर बरामद चावल की जांच कर जब्त राशन को स्थानीय राशन विक्रेता के सुपुर्द कर दिया। पूर्ति निरीक्षक खेरागढ़ सुमलिका सक्सेना ने बताया कि 29 कुंतल चावल बरामद हुआ है। पकड़े गए सुमित अग्रवाल निवासी पीपल खेड़ा खेरागढ़ एवं शिवसिंह निवासी नया नगला थाना कोलारी धौलपुर एवं भागे हुए चालक नरेंद्र के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

# चावल गोदाम से 61 कट्टे उड़ा ले गए चोर

**आगरा एनएनआई।** चावल गोदाम को निशाना बनाते हुए चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर गोदाम का ताला और कुंडी तोड़कर लगभग 61 कट्टे चावल चोरी कर ले गए। मामले में पीड़ित गोदाम मालिक द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जाँच शुरू कर दी है। फर्म एस.के. ट्रेडर्स के प्रोपराइटर संत कुमार मंगल पुत्र श्री किरोड़ी लाल का गोदाम नवलगंज, नुनिहाई रोड पर स्थित है। गोदाम में ग्लैक्सी मार्का चावल के कुल 2105 कट्टे रखे हुए थे। सोमवार सुबह करीब 8 बजे वह अपने पुत्र के साथ गोदाम पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि गोदाम का ताला और कुंडी टूटी हुई थी। स्टॉक की जांच करने पर पाया गया कि लगभग 61 कट्टे चावल गायब हैं। चोर चावल के कट्टों को मुख्य फाटक के नीचे से निकालकर ले गए। बताया जा रहा है कि यह चोरी की घटना रविवार की रात की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# खंदौली आटो हादसाः कंटेनर चालक जेल भेजा, फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार

एनएनआई

**आगरा।** आगरा-खंदौली क्षेत्र में जलेसर रोड पर नगला चंदन के पास हुए भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने कंटेनर चालक को जेल भेज दिया है। खंदौली पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। चालक के नशे में होने की आशंका के चलते उसके खून का सैंपल जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा गया है। पुलिस अब जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

शनिवार को तेज रफ्तार कंटेनर ने दो आटो को टक्कर मार दी थी। हादसे में एक आटो में सवार सहपऊ (हाथरस) के गांव धाधऊ निवासी तीर्थ यात्री 75 वर्षीय रनवीर भगत, 52 वर्षीय बृजमोहन गौतम उर्फ बिज्जो, 65 वर्षीय लख्मी चंद, 65 वर्षीय देवकीनंदन उर्फ बिल्ला मिस्त्री, 60 वर्षीय उदयवीर सिंह और आटो चालक 46 वर्षीय सईद निवासी दौरेठा, शाहगंज की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसे में 10 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। रविवार रात पुलिस ने कंटेनर चालक अवनीश निवासी खैरगढ़, फिरोजाबाद के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस विवेचना के दौरान कंटेनर के जीपीएस डाटा और संबंधित ट्रांसपोर्ट कंपनी के दस्तावेज भी खंगाल रही है।

चालक के नशे में होने की आशंका के चलते पहले जिला अस्पताल में खून का सैंपल लिया गया था, लेकिन स्पष्ट स्थिति न बनने पर सैंपल को फोरेंसिक लैब भेजा गया है। डीसीपी पश्चिम आदित्य ने बताया कि आरोपी चालक को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है। फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

NNi
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा

www.nnindianews.com

मंगलवार, 03 फरवरी, 2026





# कैसी स्वच्छता, कैसा संदेश

## जहां स्वच्छता का संदेश, वहीं कचरे का ढेर

एनएनआई

**आगरा।** शहर को साफ-सुथरा रखने के साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर 1 पर आने के लिए नगर निगम, स्मार्ट सिटी ने पानी की तरह पैसा बहाया, लेकिन ताजनगरी में 'स्वच्छता' का संस्कार आज तक नहीं आ पाया। शहर में स्वच्छता के हाल यह है कि नगर निगम ने जहां-जहां स्वच्छता का संदेश देने वाली पेटिंग कराई वहीं कचरे के ढेर लगे हैं। लोग नाले-नालियों और सड़क के किनारे ही कचरा फेंक रहे हैं।

कचरे के ढेर की यह तस्वीर न्यू राजामंडी रोड बेसन की बस्ती



लोहा मंडी की है। यहां स्मार्ट सिटी के तहत करोड़ो रुपए खर्च किए गए। स्मार्ट लाइटिंग लैम्प के साथ सड़क किनारे फुटपाथ पर लोगों के बैठने के लिए सीमेंट की कुर्सियां डाली गई। इन गांधी जी का चश्मा उकेरा गया है जिसमें स्वच्छता का संदेश लिखा है। स्वच्छता का संदेश देती यह कुर्सी कचरे के ढेर से घिरी हुई है, जो नगर निगम के संदेश का मखौल उड़ा रही है। साथ ही सफाई व्यवस्था की कली खोल रही है। खैर हो कुछ भी शहर पर लगा गंदगी का कलंक बढ़ता जा रहा है। कचरे के ढेर सडकों पर नजर आ रहे हैं। सडकों की होने वाली सफाई बंद पड़ी हुई है। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। कुल मिलाकर शहर न तो नगर आयुक्त के नियंत्रण में है और न ही महापौर के। कर्मचारी बेलगाम हो चुके हैं। साधन, संसाधनों का अभाव है। वहीं जानकारों का मानना है कि जब तक नागरिक जागरूक नहीं होंगे और निगम के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेंगे तब तक शहर में स्वच्छता के संस्कार नहीं आएंगे।

# आरटीई के तहत प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

एनएनआई

**आगरा।** निजी स्कूलों की 25 प्रतिशत सीटों पर निशुल्क शिक्षा के लिए आवेदन 16 फरवरी तक किए जा सकेंगे। आवेदन ऑनलाइन होंगे। निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में प्रवेश की व्यवस्था है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार गोंड ने बताया कि प्रथम चरण में लॉटरी 18 फरवरी को निकाली जाएगी। नामांकन आदेश जारी करने की अंतिम तारीख 20 फरवरी है। द्वितीय चरण के आवेदन 21 फरवरी से 7 मार्च तक होंगे, लॉटरी 9 मार्च को और नामांकन आदेश 11 मार्च तक जारी किए जाएंगे।

तृतीय चरण में आवेदन 12 से 25 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे, लॉटरी 27 मार्च को तथा नामांकन आदेश 29 मार्च तक जारी किए जाएंगे। आवेदन के लिए बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, अभिभावक का आय, निवास व जाति प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र आवश्यक होगा। ऑनलाइन आवेदन के समय अभिभावक का आधार नंबर व आधार लिंक बैंक खाते का विवरण देना अनिवार्य है। आवेदन और दिशा-निर्देश आरटीई पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

# विश्वविद्यालय ने घोषित किए परिणाम, कई पाठ्यक्रमों का रिजल्ट आया

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने सत्र 2025-26 के विभिन्न पाठ्यक्रमों के सेमेस्टर परिणाम घोषित किए हैं। इसे विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. ओमप्रकाश ने बताया कि स्नातक स्तर के सभी पाठ्यक्रमों का परिणाम लगभग तैयार हो चुका है। परास्नातक पाठ्यक्रमों के परिणाम शेष हैं, जिन्हें तैयार किया जा रहा है। चरणबद्ध तरीके से शेष पाठ्यक्रमों के परिणाम घोषित किए जाएंगे। एमए ग्रामीण समाजशास्त्र एवं सामुदायिक विकास (तृतीय सेमेस्टर), एमए ग्रामीण अर्थशास्त्र




एवं सहकारिता (तृतीय सेमेस्टर), बीकॉम (पंचम सेमेस्टर), बीकॉम वोकेशनल (तृतीय सेमेस्टर), एमकॉम (तृतीय सेमेस्टर), एमएससी रसायन विज्ञान (तृतीय सेमेस्टर), एमएससी भौतिकी (तृतीय सेमेस्टर), एमएससी सांख्यिकी (तृतीय सेमेस्टर) का रिजल्ट आया है।

# रेलवे ने ई-वाहन आधारित अनुबंधों का आवंटन, राजस्व में होगी सशक्त वृद्धि

एनएनआई

**आगरा।** मंडल रेल प्रबंधक गगन गोयल के मार्गदर्शन में तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अंकित गुप्ता के निर्देशन में आगरा मंडल, उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्गत गैर-किराया राजस्व के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए जनवरी-2026 माह में कुल 03 निविदा प्रदान किए गए हैं, जो विद्युत वाहनों को बढ़ावा देने पर केंद्रित हैं। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि आगरा मंडल द्वारा आधारित अनुबंध पहली बार प्रदान किए गए हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आधुनिक यात्री सुविधाओं के विस्तार को बल मिलेगा।

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान (जनवरी-2026 तक) आगरा मंडल द्वारा कुल 15 अनुबंध प्रदान किए जा चुके हैं। इन सभी अनुबंधों से रेलवे को प्रतिवर्ष लगभग 1.82 करोड़ के राजस्व की प्राप्ति होने की संभावना है। वहीं, संपूर्ण अनुबंध अवधि के दौरान रेलवे को कुल लगभग 4.68 करोड़ का राजस्व अर्जित होने की अपेक्षा है, जो रेलवे की वित्तीय स्थिति को और अधिक सुदृढ़ बनाएगा। ई-वाहन से संबंधित ये अनुबंध न केवल यात्रियों को स्वच्छ, सुविधाजनक एवं आधुनिक सेवाएं उपलब्ध कराएंगे, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की दिशा में भी एक प्रभावी कदम सिद्ध होंगे। आगरा मंडल द्वारा परंपरागत आय स्रोतों के साथ-साथ अपरंपरागत एवं हरित (ग्रीन) पहलों को अपनाते हुए रेलवे राजस्व में वृद्धि और यात्री सुविधाओं के उन्नयन हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं आगरा मंडल की यह पहल सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा यात्री हितों के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



NNI हर खबर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# नगर निगम में हल्ला बोल

## जनसमस्याओं को लेकर थाली बजाकर किया जोरदार प्रदर्शन

एनएनआई

**आगरा।** शहर के वार्ड संख्या 3, 4, 5, 7, 42, 46, 58, 60, 62, और 81 सहित कई इलाकों में सड़कों की हालत बेहद खराब होने के कारण डॉ. आंबेडकर अनुयायी एकता फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने जनसमस्याओं को लेकर थाली बजाकर जोरदार प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे लोगों ने निगम में दलित-मुस्लिम बस्तियों में विकास कार्य कराओं, भेदभाव नहीं चलेगा जैसे नाले लगाते हुए धरने पर बैठ गए। इस दौरान प्रदर्शन कारियों के हाथों में पोस्टर दिखाते हुए नगर निगम क्षेत्र की दलित और मुस्लिम बस्तियों में सड़कों की बदहाली अब गंभीर जनसमस्या बन चुकी है। कच्ची और टूटी सड़कों पर भरा गंदा पानी, कीचड़ और कूड़े के ढेर लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित कर रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि गलियों से गुजरना खतरे से खाली नहीं रह गया है। फाउंडेशन के अध्यक्ष आशीष प्रिंस का कहना है कि नगर निगम में थाली बजाकर प्रदर्शन किया है क्योंकि चुनाव के बाद से जनप्रतिनिधि गायब हो गए हैं। पता नहीं कहां जाकर कुंभकरण की नींद सो रहे हैं। उन्हें जगाने के लिए नगर निगम में थाली बजाकर जगाने का काम रहे हैं। थाली बजाकर कोरोना जैसी महाबीमारी को भगा सकते हैं, तो किया ताली और थाली बजाकर क्षेत्र की जनसंख्या को नहीं भगा सकते हैं। साथ ही अपर नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। विवेक बौद्ध, राहुल वरुण, और भीम प्रकाश का कहना की हमारा जीना दुश्वार हो गया है घरों से बच्चे बाहर नहीं निकल पा रहे हैं गंभीर बीमारियां परत रही हैं। शनिवार को दो मासूम बच्चे नाले में गिर गए मुश्किल क्षेत्रीय लोगों ने बचाया लेकिन नगर निगम और जनप्रतिनिधियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। नोएडा जैसी घटना से भी कोई सीख नहीं ली। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि उन्होंने कई बार नगर निगम के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की, लेकिन दलित और मुस्लिम बस्तियों की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि इन इलाकों में विकास कार्य सिर्फ कागजों तक सीमित हैं। इस मौके पर अध्यक्ष आशीष प्रिंस, सचिव विवेक बौद्ध, संगठन मंत्री राहुल वरुण, भीम प्रकाश, रोहन माथुर, टोनी कुमार, रोहित कुमार, प्रदीप कुमार, मौसिम कुरैशी, महेंद्र सिंह, गोपाल सिंह, टेकश, सत्तो, राज कुमार, मुकेश, दीप माला, गुड्डी देवी, रीना देवी, लाल देवी, आलम, वकील, अकील, जीशान, नाजरीन, जरू, नग्गू, लल्लो, ताकीला आदि मौजूद रहे।





# हाउस टैक्स बकायेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई



एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम ने हाउस टैक्स बकायेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है।लोहामंडी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। नगर निगम की राजस्व टीम ने हाउस टैक्स जमा न करने पर 29 बकायेदारों की संपत्तियां सील कर दी हैं। इन संपत्तियों पर हाउस टैक्स के 48.82 लाख रुपये बकाया थे।

संबंधित बकायेदारों को पूर्व में कई बार नोटिस और वारंट जारी किए गए थे। इसके बाद भी निर्धारित समय सीमा में हाउस टैक्स जमा नहीं कराया गया। इसके बाद नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए संपत्तियों को सील किया।नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने पिछले दिनों ही राजस्व वसूली को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे। उन्होंने स्पष्ट किया था कि वारंट जारी होने के बाद भी जो बकायेदार हाउस टैक्स जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कुर्की, बैंक खाता सीज और संपत्ति सील जैसी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रतिदिन राजस्व वसूली की समीक्षा की जा रही है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लक्ष्य की प्राप्ति हर हाल में सुनिश्चित की जाए। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है और अन्य बकायेदारों में भी निगम की कार्रवाई को लेकर चेतावनी का माहौल बन गया है।

नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने कहा है- नगर निगम का राजस्व शहर के विकास कार्यों की रीढ़ है। बार-बार नोटिस और वारंट जारी होने के बावजूद जो लोग गृहकर जमा नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोई भी बकायेदार नियमों से ऊपर नहीं है। राजस्व लक्ष्य को पूरा करना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए रोजाना समीक्षा की जा रही है।

# तीन दिवसीय सामाजिक विज्ञान प्रशिक्षण के द्वितीय बैच का समापन

एनएनआई

**आगरा।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के तत्वाधान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों का तीन दिवसीय सामाजिक विज्ञान प्रशिक्षण के प्रथम बैच का समापन हो गया। समापन के अवसर पर प्राचार्य डायट आगरा अनिरुद्ध यादव ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का लाभ तभी है जब इसका प्रभाव बच्चों में परिलक्षित हो । उन्होंने कहा कि हमें अपने आप को अद्यतन रखने के लिए शिक्षक से पूर्व तैयारी आवश्यक है। सामाजिक विज्ञान बहुत महत्वपूर्ण विषय है और प्रतियोगी परीक्षाओं में इसका अपना एक विशेष स्थान है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में अर्थशास्त्र, नागरिक शास्त्र, भूगोल एवं इतिहास के प्रशिक्षण सत्रों का संचालन संदर्भदाता मीनू पवार, तेजेंद्र सिंह मीणा, रेनू जायसवाल, अबू मुहम्मद आसिफ एवं नोडल प्रभारी रचना यादव द्वारा किया गया। क्षेत्र बाह एवं बरौली अहीर के 81 शिक्षकों को यह प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन नोडल प्रभारी रचना यादव ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवक्ता कल्पना सिन्हा, हिमांशु सिंह, यशवीर सिंह, अनिल कुमार, रंजना पांडेय, डॉ प्रज्ञा शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, यशपाल सिंह, संजीव कुमार सत्यार्थी, पुष्पेंद्र सिंह, धर्मेन्द्र प्रसाद गौतम आदि का सहयोग रहा।

# निर्बल वर्ग को योजनाओं का लाभ दिलाए जाने को मेगा विधिक साक्षरता शिविर



एनएनआई

**आगरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशानिर्देश पर जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संजय कुमार मलिक के मार्गदर्शन में वृहद विधिक साक्षरता /सेवा शिविर (मेगा शिविर) का आयोजन जनपद आगरा में किया जा रहा है। जिसके परिपेक्ष में दीवानी परिसर में स्थित नवीन सभाकक्ष में अमरजीत, अपर जिला जज, आगरा की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक का संचालन विनीता सिंह-1, सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा के द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि दिनांक 22 फरवरी को आयोजित होने वाले वृहद विधिक साक्षरता /सेवा शिविर (मेगा शिविर) के सफल आयोजन के लिए पात्र व्यक्तियों का पंजीयन कर उनको कल्याणकारी योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। सचिव (पूर्ण कालिक), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा के द्वारा यह बताया गया कि उक्त जागरूकता शिविर का उद्देश्य विभिन्न विभागों में चल रही समाज के निर्बल वर्ग, दिव्यांग बच्चों, स्त्रियां, निर्धन वर्ग और असंगठित क्षेत्र के श्रमिक आदि से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाएं का त्वरित एवं सुलभ लाभ प्रदान करना है। उक्त के संबंध में विधिक साक्षरता/सेवा शिविर के साथ साथ प्री मेगा शिविर का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें आम जनमानस शिविर में उपस्थित होकर अपना पंजीयन/रजिस्ट्रेशन करा सकता है।




# खेल स्पर्धा में रोमांच चरम पर, क्रिकेट में जीती दीपिका एकादश



एनएनआई

**आगरा।** भारत विकास परिषद् नवज्योति की ओर से खेल स्पर्धा का आयोजन दयालबाग स्थित खेलगांव में किया गया। शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ. केशव दत्त गुप्ता ने दीप प्रवज्जलित कर की। अध्यक्ष सीए दीपिका मित्तल ने बताया कि खेल स्पर्धा में शतरंज, बैडमिंटन, निम्बू रेस, म्यूजिकल चेयर, तम्बोला, तोलमोल के बोल प्रतियोगिता, पतंगबाजी, रस्साकस्सी और क्रिकेट का आयोजन किया गया। जिसमे निम्बू रेस में, निकिता, सिजनि, टीना, अन्नंत, और दिव्यांग और तोलमोल के बोल प्रतियोगिता में रीना गर्ग व अन्नू शर्मा ने विजेता बने।

सचिव अनिल अग्रवाल ने बताया कि क्रिकेट मैच शशि एकादश बनाम दीपिका एकादश के मध्य हुआ जिसमे शशि एकादाश ने टॉस जीतकर दीपिका एकादश को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। दीपिका एकादश ने निर्धारित 16 ओवर में सभी विकेट खोकर हिमांशु के 28 रन और अमित गर्ग के 23 रन के सहयोग से 112 रन बनाये। शशि एकादश से रजनीश गुप्ता ने पांच और निनित अग्रवाल ने चार विकेट चटकायें। दूसरी पारी में लाक्षा का पीछा करने उत्तरी शाशि एकादश ने निर्धारित 16 ओवर में सभी विकेट खोकर शुभ गुप्ता के 43 रन और रजनीश गुप्ता के 16 रन कि मदद से महज 105 रन ही बना सकीय और हार गयी। सात विकेट से दीपिका एकादश ने विजेता टॉफी पर कब्जा किया। शशि एकादश से शशांक कौशल ने चार विकेट लिए। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज शुभ, सर्वश्रेष्ठ बॉलर रजनीश और प्लेयर ऑफ द मैच शशांक कौशल बने।



## रियांशी सक्सेना को ड्राइंग मे मिला प्रथम पुरस्कार

**आगरा** एनएनआई। गायत्री स्कूल की कक्षा 3 की छात्रा रियांशी सक्सेना को आज 1 फरवरी 2026 को न्यू मिल्टन पब्लिक स्कूल अर्जुन नगर मे आयोजित कला प्रतियोगिता मे प्रथम पुरुस्कार मिला,क्लीन इंडिया के ऊपर उसके द्वारा बनाई गयी ड्राइंग को निर्णयको द्वारा सराहा गया, पुरुस्कार के रूप मे रियांशी सक्सेना को 3100 रुपए नगद और एक स्मृति चिन्ह प्राप्त हुआ

### संत रविदास जन्मोत्सव एवं हिंदू सम्मेलन में गूंजा समरसता और हिंदुत्व का संदेश

# कर्म, संस्कार और सनातन चेतना ही भारत की आत्मा

एनएनआई



**आगरा।** विश्व हिंदू महासंघ, आगरा द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जन्मोत्सव समारोह एवं हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन आवास विकास कॉलोनी स्थित सेल्फी रेस्टोरेंट में श्रद्धा, गरिमा और वैचारिक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संत रविदास जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

मुख्य वक्ता शरद परमार ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदास जी ने कर्म की प्रधानता को सर्वोपरि माना, न कि जाति की। उन्होंने कहा कि भारत ने सैकड़ों वर्षों तक पराधीनता का दंश झेला, जिसके पीछे सबसे बड़ा कारण समाज में व्याप्त जातिवाद रहा। संत रविदास जैसे महापुरुषों ने समाज को यह संदेश दिया कि मनुष्य की पहचान उसके कर्म, आचरण और संस्कार से होती है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि हिंदू समाज को अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भी अपने बच्चों को घर से बाहर भेजें, उनके मस्तक पर तिलक अवश्य लगाएं, क्योंकि तिलक हमारी सनातन पहचान, संस्कार और आत्मविश्वास का प्रतीक है।

कार्यक्रम में सौरभ तिवारी ने संत रविदास जी की दार्शनिकता एवं व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि संत रविदास जी का चिंतन सामाजिक समरसता, समानता और भक्ति पर आधारित था, जो आज के समाज के लिए भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने बताया कि संत रविदास जी ने अपने जीवन और वाणी से समाज को जोड़ने का कार्य किया। महानगर अध्यक्ष किशन गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन धर्म मानवता, करुणा और समरसता का मार्ग दिखाता है। हिंदुत्व किसी से भेद नहीं करता, बल्कि सबको साथ लेकर चलने की प्रेरणा देता है। संत रविदास जी का जीवन सनातन संस्कृति की इसी व्यापक सोच का उदाहरण है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष मातृशक्ति गंगा धाकड़ ने भी अपने विचार रखे और कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रभाव मजबूत होता है। इस अवसर पर अंकित उपाध्याय, अश्वनी शर्मा, राजेश शर्मा, गजेंद्र शर्मा, शरद प्रजापति, देव ठाकुर, मीनू अग्रवाल, पूनम पचौरी, डिंपल गंभीर, राजीव गुप्ता, रोहित गर्ग, सौरभ अग्रवाल, राहुल गुप्ता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संत रविदास जी के आदर्शों को आत्मसात करने और सनातन संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लेकर किया गया।

## न्यायालय के आदेश से सिकंदरा योजना में 198 करोड़ की भूमि पर कार्य शुरू

एनएनआई

**आगरा।** सिकंदरा आवास योजना के सेक्टर-7 एवं सेक्टर-11 में वर्षों से विवादग्रस्त रही आवास विकास परिषद की लगभग 62 हजार वर्गमीटर भूमि पर विकास कार्य का मार्ग प्रशस्त हो गया है। ज़िला न्यायालय ने अपने आदेश में एडीजे-7 न्यायालय द्वारा वर्ष 2013 में पारित आदेश के आधार पर परिषद के कब्जे को वैध ठहराया है।

करीब 198 करोड़ रुपये मूल्य की इस भूमि पर अधीक्षण अभियंता श्री अतुल कुमार के नेतृत्व में परिषद की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए समतलीकरण कार्य शुरू कराया तथा 30 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की। कार्रवाई के दौरान उठी आपत्तियों को अधीक्षण अभियन्ता अतुल कुमार द्वारा मौके पर ही स्पष्ट कर समाधान किया गया। प्रवर्तन दल अधिकारी के अनुसार भूमि पर अवैध रूप से संचालित बिल्डिंग



मटेरियल के व्यापार को हटाया गया है। साथ ही नगर निगम के कुछ सफाई कर्मचारियों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को भी चिह्नित किया गया है, जिसे नगर निगम द्वारा दो दिनों के भीतर स्वयं हटाने का आश्वासन दिया है। अधीक्षण अभियंता अतुल कुमार ने बताया कि लंबे समय से रुकी हुई इस परियोजना के पुनः शुरू होने से क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। अधीक्षण अभियंता के नेतृत्व में चले इस अभियान की सम्पूर्ण कार्यवाही शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

# हर घर समाजवादी को क्षेत्रीय सम्मेलन में जुटे सपाई

**आगरा**एनएनआई। हर घर समाजवादी अभियान के अंतर्गत समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास के नेतृत्व में दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 16 एवं वार्ड संख्या 20 में क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी की नीतियों, विचारधारा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने का कार्य किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने समाजवादी विचारधारा को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। इसी क्रम में वार्ड संख्या 20 के अंतर्गत इकबाल उस्मानी जी को वार्ड अध्यक्ष नियुक्त



किया गया। वहीं वार्ड संख्या 16 के लिए मुहिम शाह को वार्ड अध्यक्ष तथा अवनीश गुप्ता एवं प्रवीण राठौर को वार्ड प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि वे पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सक्रियता के साथ जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और समाजवादी पार्टी का जनाधार और अधिक मजबूत होगा।

## एसआईआर को लेकर डीएम से मिले जिलाध्यक्ष

**आगरा।** सपा जिला अध्यक्ष उदल सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिला और एत्मादपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम हटाये जाने का गंभीर मामला मजबूती से उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि टेढ़ी बगिया क्षेत्र के अधिकांश बूथों पर भाजपा द्वारा फॉर्म संख्या-7 भरवाकर मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं। जानबूझकर मतदाताओं को अनुपस्थित, स्थानांतरित अथवा मृतक दर्शाकर मतदाता सूची से बाहर किया जा रहा है।



## मेक ने स्टूडेंट्स को दिए लैपटॉप

**आगरा** एनएनआई। मेक एनीमेशन द्वारा छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए लैपटॉप वितरण समारोह का आयोजन कॉरपोरेट पार्क संजय पैलेस स्थित कार्यालय पर किया गया। इस दौरान पांच छात्र-छात्राओं को लैपटॉप वितरित किए गए लैपटॉप पाकर बच्चों के खिले चेहरे। डायरेक्टर डॉ. प्रशांत ए सागर और डायरेक्टर तन्वी मेहरा सागर के अनुसार मेक एनीमेशन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में छात्र-छात्राओं को लैपटॉप वितरित किए गए हैं। लैपटॉप से छात्र-छात्राओं को एनीमेशन और अध्ययन से संबंधित कार्य करने में सुगमता होगी। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में जारी हुए बजट मैं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा एनीमेशन में भविष्य बना रहे युवाओं को प्रेरित करने के लिए कई महत्वपूर्ण बातें कहीं हैं।

# आवारा कुत्ते के काटने से मासूम बच्चे की मौत

## तीन एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने के बाद भी नहीं बची जान

एनएनआई



**आगरा।** थाना पिनाहट क्षेत्र के अन्तर्गत गांव अतैयापुरा में एक मासूम की कुत्ते के काटने के बाद रैबीज होने से मौत हो गई। कुत्ते ने घर के बाहर खेलते समय बच्चे के सिर और चेहरे पर काट लिया था। परिजनों ने बच्चे को एंटी रैबीज वैक्सीन भी लगवाई थी, लेकिन इसके बाद भी बच्चे में रेबीज फैल गया। दिल्ली में उपचार के दौरान बच्चे की मौत हो गई।

गांव अतैयापुरा निवासी कुंवर सिंह के छह वर्षीय पुत्र अनुस उर्फ छोटू को 9 जनवरी की शाम घर के बाहर खेलते समय एक आवारा कुत्ते ने सिर में काट लिया था। परिजनो तत्काल उसे सीएचसी पिनाहट लेकर गए, लेकिन वहां पर कोई नहीं मिला। इसके बाद निजी क्लीनिक पर ले जाकर एंटी-रेबीज वैक्सीन लगवाई। उन्होंने बच्चे को तीनों डोज लगवाई थीं। लेकिन इसके बावजूद हालत बिगड़ती चली गई।

26 जनवरी को अनुस उर्फ छोटू को तेज बुखार हुआ तो परिवार ने स्थानीय डॉक्टर को दिखाया, पर रात होते-होते बच्चे की तबियत अचानक बेहद खराब होने लगी और वह कुत्तों जैसी हरकतें करने लगा। घबराए परिजन उसे आगरा के कई अस्पतालों में ले गए, मगर उपचार से सभी ने हाथ खड़े कर दिए। आखिरकार परिवार उसे दिल्ली स्थित सफदरगंज अस्पताल लेकर पहुँचा, जहां एक फरवरी की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

अनुज की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। लोगों ने आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे और ग्रामीण इलाकों में समय पर बेहतर उपचार की कमी पर गहरा आक्रोश जताया है। रविवार को गमगीन माहौल में मासूम का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

**पहले भी हुई है काटने से मौत**

आगरा के बाह तहसील के रुदमुली गांव के अरविंद भदौरिया के 8 साल के बेटे नैतिक को 2022 में कुत्ते ने काट लिया था। नौतिक बाह में अच्छेलाल पब्लिक स्कूल की चौथी क्लास में पढ़ता था। पड़ोसियों के मुताबिक, करीब डेढ़ महीने पहले स्कूल जाते हुए उसको कुत्ते ने काट लिया था। चोट ज्यादा नहीं आई थी। इसलिए बच्चे ने घर में कुत्ते काटने के बारे में किसी को कुछ नहीं बताया। अचानक उसकी तबियत बिगड़ी थी। वो कुत्ते की तरह हरकत करने लगा था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।



# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी का विरोध

एनएनआई

**बाह।** इंस्टाग्राम आईडी पर वीडियो पोस्ट कर आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद एवं अनुसूचित जाति पर की गई टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन कर एसीपी बाह हरेकृष्ण शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने जांच एवं कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इंस्टाग्राम आईडी से आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किया गया है, जिसमें अनुसूचित जाति समाज के प्रति अभद्र टिप्पणी की गई है। भीम आर्मी चीफ एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद के पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है, जिससे समाज और पार्टी समर्थकों में रोष व्याप्त है। सोमवार को उनके समर्थक बाह के आंबेडकर पार्क में एकत्रित हुए। विरोध प्रदर्शन करते हुए तहसील मुख्यालय बाह पर पहुंचे। यहां पर एसीपी बाह हरेकृष्ण शर्मा को दिए ज्ञापन में कहा है कि इंस्टाग्राम आईडी चलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई न होने पर भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी समर्थक आंदोलन को मजबूर होंगे, ज्ञापन पर आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के विधानसभा अध्यक्ष सुनील कुमार वरुण, सम्राट देवेश बौद्ध, श्रीकृष्ण चौरसिया, हरीदास, शिवदयाल, राजेन्द्र सिंह, जनक सिंह, प्रभात कुमार, राहुल, उपेन्द्र सिंह, प्रवेश, बबलू, संतोष चौरसिया आदि रहे।

# कृमि मुक्ति अभियान
## खिलाई जाएंगी एल्बेंडाजोल की दवा

**आगरा** एनएनआई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के चिकित्सा अधीक्षक व प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। अभियान के दौरान एक साल से 19 साल की उम्र के बच्चे व किशोर-किशोरियों को पेट के कीड़े निकालने की दवा खिलाई जाएगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक डॉ. विजय सिंह ने बताया कि एक से दो साल तक के बच्चों को आधी गोली और दो से 19 साल तक बच्चों व किशोरों को पूरी गोली खिलाई जाएगी। छोटे बच्चों को गोली पीसकर दी जानी है। जबकि बड़े बच्चे गोली चबाकर खा सकेंगे। अभियान को सफल बनाने के लिए एविडेंस एक्शन इंडिया संस्था अहम भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी और एविडेंस एक्शन इंडिया के जिला समन्वयक शाहिद खान मौजूद रहे।

# खेतों में बिछी सरसों की फसल, किसान परेशान

एनएनआई



**बाह।** तेज हवा के संग हुई बारिश से बाह, पिनाहट, जैतपुर ब्लॉक के गांवों में सरसों की फसल खेत में बिछ गई है। सरसों में होने वाले नुकसान को लेकर किसान परेशान हैं। तहसील बाह के 214 गांवों में सरसों की अच्छी फसल थी, किसान खुश थे, तेज हवा के साथ हुई बारिश ने उनकी खुशी को ग्रहण लगा दिया है। किसानों जरार के महेश चन्द्र, राजवीर सिंह, पुरा कनेरा के अजयपाल, गिर्राज सिंह, गुंगावली के वीरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि एक तो सरसों की फसल खेतों में लोट गई है, दूसरे अगैती फसल में धूप निकलने पर फलियां चटकने से दाना झड़ने एवं पछैती फसल में फूल झड़ने से उपज और गुणवत्ता प्रभावित होगी, मेहनत और लागत भी निकलना मुश्किल हो जाएगा। खाद बीज के इंतजाम में दिन रात एक करने वाले किसान नुकसान को लेकर चिंतित हैं।

# निर्माणाधीन मकान के मलबे में दब कर फौजी के बेटे की मौत

एनएनआई

**बाह।** बेसंगपुरा गांव में निर्माणाधीन छत समेत गिरी सीढ़ियों के मलबे में दबने से फौजी धर्मेन्द्र सिंह के बड़े बेटे अर्पित (12) की दर्दनाक मौत हो गई। मलबे में दबने से दो मजदूर घायल हो गये। बेसंगपुरा गांव में तहसीलदार के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। सोमवार की शाम 6.30 बजे गांव के ही मजदूर आलिम पुत्र इमाम, आरिफ पुत्र शमसुद्दीन छत तक बनी सीढ़ियों पर रखी ईंट और बालू हटा रहे थे। जबकि नीचे सीढ़ियों के पास धर्मेन्द्र सिंह के तीनों बेटे खेल रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक छत का एक पत्थर टूटने से निर्माणाधीन मकान की सीढ़ियां भरभरा कर गिर गईं। मलबे में अर्पित, आरिफ, आलिम दब गये। रामू, श्यामू बाल बाल बच गये। चीख पुकार पर पहुंचे गांव के लोगों ने मलबा हटा कर तीनों को घायल अवस्था में बाहर निकाला और इलाज के लिए बाह सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने अर्पित को मृत घोषित कर दिया। जबकि दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एंबुलेंस से एसएन मेडीकल कॉलेज आगरा भेज दिया। अर्पित की मौत से परिवार में मातमी कोहराम मच गया है।

# 100 वर्ष पुराना उद्योग, नई उड़ान के लिए तैयार

- ब्रश एंड क्लीनिंग प्रोडक्ट एसोसिएशन द्वारा यूरोपीय टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित

एनएनआई



**आगरा।** सब मिलकर एक विकसित राष्ट्र के रूप में देश के भविष्य को आकार देने की सोच के साथ वर्ष 2025 में गठित ब्रश एंड क्लीनिंग प्रोडक्ट संगठन ने एक नई पहल करते हुए वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने की दिशा में कदम बढ़ाया। इसी क्रम में संगठन द्वारा न्यू आगरा स्थित होटल विजय विलास में यूरोपीय टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संयुक्त आयुक्त उद्योग अनुज कुमार, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सचिव दीपक अग्रवाल, प्रदेश सचिव मनीष अग्रवाल रावी, इटली से आए विशेषज्ञ जियान लुका, जय सिंघवी, संस्था के अध्यक्ष अमित मोरियानी, सचिव नितिन अग्रवाल और कोषाध्यक्ष वासु अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

मुख्य अतिथि संयुक्त आयुक्त उद्योग अनुज कुमार ने एसोसिएशन के गठन पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगरा का ब्रश एवं क्लीनिंग प्रोडक्ट उद्योग 100 वर्ष से भी अधिक पुराना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि विभागीय स्तर पर हर संभव प्रयास किए जाएंगे ताकि आगरा के इस पारंपरिक उद्योग को जियो टैगिंग तथा एक जिला एक उत्पाद योजना में शामिल कराया जा सके, जिससे इसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान मिले।


लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सचिव दीपक अग्रवाल ने कहा कि ब्रश एवं क्लीनिंग प्रोडक्ट उद्योग भारत को सोने की चिड़िया से सोने का शेर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह उद्योग रोजगार सृजन, निर्यात और आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को मजबूती प्रदान करता है। कार्यक्रम में मुकेश आहूजा, शैलेंद्र गुप्ता, अंकित अग्रवाल, योगेश कुमार, सम विपिन अग्रवाल, श्रवण आहूजा आदि उपस्थित रहे।

## संपादकीय


# हादसा और साजिश के बीच एविएशन सेफ्टी पर सवाल

भारत में हर हादसे को साजिश माना जाता है। हालांकि तमाम किस्म की जांच के बावजूद कुछ भी साबित नहीं होता है फिर भी साजिश की कहानियां थमती नहीं हैं। ताजा मामला विमान हादसे में अजित पवार के निधन का है। विमान हादसे के तुरंत बाद इसे साजिश बताया जाने लगा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसके पीछे साजिश की संभावना जताते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में इसकी जांच होनी चाहिए। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी कहा कि इस मामले की जांच होनी चाहिए। विमान हादसा हुआ है तो उसकी जांच होगी ही लेकिन जांच इस बात की होगी कि हादसा कैसे हुआ। खराब मौसम के कारण हुआ, पायलट की गलती के कारण हुआ या विमान की तकनीकी खराबी के कारण हुआ, इन पहलुओं की जांच होगी। लेकिन विपक्षी पार्टियां चाहती हैं कि जांच साजिश की हो।सवाल है कि साजिश कौन करेगा और इसके क्या फायदा होगा। इसका जवाब सबके पास अलग अलग था। ज्यादातर लोगों का कहना था कि अजित पवार पाला बदल कर यानी भाजपा का साथ छोड़ कर अपने चाचा के साथ महाविकास अघाड़ी में लौटने वाले थे। यह भी कहा गया कि उन्होंने नगर निकाय चुनावों के दौरान भाजपा को निशाना बनाते हुए कहा था कि जिन लोगों ने उनके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए वे लोग आज उनके साथ गठबंधन में हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि उनके पास नगर निकायों में भाजपा के भ्रष्टाचार का पुलिंदा है। परिवार की साजिश की ओर भी कई लोग इशारा करते मिले। हालांकि हादसे के बाद पहली प्रतिक्रिया में शरद पवार ने दो टूक कहा कि यह साजिश नहीं, हादसा है। बहरहाल, यह पहला मौका नहीं है, जब इस तरह के हादसे के पीछे साजिश की कहानी बताई जा रही है। आजाद भारत में हवाई दुर्घटना में पहली हाइ प्रोफाइल मौत भारत के परमाणु वैज्ञानिक होमी जहांगीर भाभा की हुई थी। उस समय भी कहा गया था कि अमेरिकी एजेंसी सीआईए ने साजिश करके होमी जहांगीर भाभा को मरवा दिया। उसके बाद संजय गांधी की विमान हादसे में मौत हुई तो उसे लेकर आज तक कांग्रेस विरोधी लोग आरोप लगाते हैं कि इंदिरा गांधी ने ही अपने बेटे को मरवाने की साजिश रची थी। तब से लेकर आज तक चाहे हर हादसे या हत्या को साजिश बताया जाता है। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या को भी राजनीतिक साजिश का नतीजा बताया जाता है तो माधव राव सिंधिया से लेकर वाईएसआर रेड्डी और दोरजी खांडू से लेकर विजय रूपाणी तक हर विमान या हेलीकॉप्टर हादसे को साजिश बताया जाता है। हालांकि किसी भी जांच से आज तक किसी साजिश का पदार्फाश नहीं हुआ है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार सहित पांच लोगों की एक विमान हादसे में मृत्यु दिल दहला देने वाली घटना है। पहले भी देश ने कई राजनीतिक दिग्गजों और प्रमुख हस्तियों को असमय खोया है। अजित पवार के विमान के साथ हुई दुर्घटना में दृश्यता की कमी, मेडे कॉल न देना और अनियंत्रित एयरफील्ड जैसी गंभीर खामियां सामने आई हैं। पुणे जिले के बारामती में हुए इस हादसे की अब कई कोणों से जांच की जा रही है, मगर सवाल है कि इससे पहले हुई ऐसी दुर्घटनाओं से क्या सरकारी तंत्र ने कोई सबक नहीं लिया?आधिकारिक तौर पर कहा जा रहा है कि जब यह हादसा हुआ, उस वक्त हवाई अड्डे पर दृश्यता कम थी। अगर स्थिति वास्तव में जोखिमपूर्ण थी, तो विमान को उतरने की अनुमति क्यों दी गई? दूसरा, यह सवाल भी महत्वपूर्ण है कि आधुनिक तकनीक के इस दौर में क्या ऐसी आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए हवाई अड्डों पर विशेष व्यवस्था नहीं की जा सकती है?अहमदाबाद केस की जांच अब भी जारी है और हर कुछ दिन ऐसी बातें सामने आती हैं, जिनसे मदद के बजाय उलझन ज्यादा होती है। वहीं, बारामती हादसा शुरू से कई गंभीर कमियों की ओर इशारा कर रहा है। डीजीसीए की ओर से दी शुरूआती जानकारी से साफ है कि विमान के पायलट को रनवे नहीं दिख रहा था। पहली बार लैंडिंग की कोशिश नाकाम हुई, तो विमान ने हवा में फिर से चक्कर लगाया। दूसरी बार भी शुरूआत में रनवे नहीं दिख रहा था, लेकिन कुछ देर बाद कहा गया कि रनवे दिखने लगा है। इसके कुछ क्षणों बाद ही भयानक हादसा हो गया।डीजीसीए के मुताबिक, क्रू ने मेडे कॉल नहीं दी। विमानन क्षेत्र में मेडे वह चेतावनी है, जो अति गंभीर स्थिति में जारी की जाती है। अगर आखिरी वक्त में हालात पूरी तरह से नियंत्रण में नहीं थे तो मेडे कॉल क्यों नहीं दी गई? दूसरी चिंता फ्लाइंग कंडीशन को लेकर है। बारामती में ट्रैफिक सर्विस और सूचनाएं एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया नहीं, फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशंस की तरफ से उपलब्ध कराई जाती हैं। ऐसे एयरफील्ड को अन कंट्रोल्ड कहते हैं और आमतौर पर यहां सुविधाएं कम होती हैं। तो जब विजिबिलिटी का संकट था और दो बार रनवे नहीं दिखा, क्या लैंडिंग के जोखिम को नजरअंदाज किया गया? ऐसे मामलों में जांच में देरी का मतलब है किसी और दुर्घटना को रोकने के लिए मिलने वाले समय को गंवा देना।इस क्षेत्र में हर हादसा एक सबक होता है, जिससे सीख लेकर आगे कई हादसों को टाला जा सकता है। जब राजनीतिक तौर पर इतनी बड़ी क्षति होती हों तब यह कहने भर से जिम्मेदारी पूरी नहीं होती कि सेफ्टी जांच में सब सही मिला था। ऐसे में जब विपक्षी दल इस हादसे की सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में जांच कराने की मांग कर रहे हैं तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इस विमान दुर्घटना की निष्पक्ष और गहन जांच हो, ताकि हादसे के असली कारण सामने आ सकें। सरकारी तंत्र को भी इस तरह के हादसों से सबक लेकर व्यवस्था में जरूरी सुधार करने चाहिए, ताकि भविष्य में और कोई विमान दुर्घटना न हो।

# भारत में हर 6 में से 1 कपल इंफर्टिलिटी से परेशान



**लाइफस्टाइल, आहार में गड़बड़ी और पर्यावरणीय परिस्थितियों के चलते डायबिटीज, हृदय रोग, ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां काफी आम होती जा रही हैं। देश में एक और बड़ी समस्या तेजी से उभर रही है, वह है इंफर्टिलिटी की दिक्कत।**



आंकड़े बताते हैं कि भारत में 10 से 15% कपल्स इनफर्टिलिटी यानी बांझपन की समस्या से प्रभावित हैं। हर 6 में से 1 कपल पर इसका असर देखा जा रहा है। खासकर शहरी इलाकों में लाइफस्टाइल में बदलाव और देर से विवाह के कारण ये दिक्कत और भी तेजी से बढ़ती जा रही है। इससे पुरुष और महिला दोनों ही प्रभावित हैं। 40-50% मामले खराब स्पर्म क्वालिटी को इसके लिए जिम्मेदार पाया जा रहा है। महिलाओं में पीसीओएस, थायरॉइड डिसऑर्डर, एंडोमेट्रियोसिस और अनियमित पीरियड्स इंफर्टिलिटी के प्रमुख कारण हैं।

अब सवाल ये है कि बांझपन की बढ़ती दिक्कत को कैसे कम किया जा सकता है, क्या डाइट में सुधार से लाभ मिल सकता है?

**देश में बढ़ती इंफर्टिलिटी की समस्या**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इंफर्टिलिटी वह स्थिति है जब एक साल तक नियमित यौन संबंध के बावजूद गर्भधारण नहीं हो पाता। मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि लगभग 40% मामलों में पुरुष कारण होते हैं, 40% में महिलाएं और बाकी मामलों में दोनों या अज्ञात कारण जिम्मेदार होते हैं।

समय पर जांच और सही जानकारी के अभाव में यह समस्या मानसिक तनाव, वैवाहिक संबंधों में दिक्कत और सामाजिक कलंक का कारण भी बनती है।

तेजी से बदलती जीवनशैली इंफर्टिलिटी का एक बड़ा कारण है। जंक फूड, प्रोसेस्ड फूड, अधिक चीनी वाली चीजें और ट्रांस फैट से हार्मोनल संतुलन बिगाड़ता है, जो इंफर्टिलिटी का खतरा बढ़ाने वाली हो सकती है।

**क्या डाइट से ठीक होती है इंफर्टिलिटी?**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इनफर्टिलिटी की समस्या को डाइट से ठीक नहीं किया जा सकता है, हालांकि कुछ खास खाद्य पदार्थ प्रजनन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद जरूर कर सकते हैं। इनमें एंटीऑक्सीडेंट और विटामिनस-माइक्रोन्यूट्रिएंट्स जैसे पोषक तत्व हैं जो ओव्यूलेशन को बढ़ाते हैं या स्पर्म की क्वालिटी में सुधार करते हैं। हालांकि ये बांझपन का इलाज नहीं है। डाइट उन कारकों को ठीक करने में जरूर मददगार हो सकती है, जो बांझपन को बढ़ाने वाले होते हैं।

**अखरोट खाना फायदेमंद**

कई अध्ययनों से पता चलता है कि अखरोट में मौजूद पोषक तत्वों में ऐसे गुण हो सकते हैं जो ओव्यूलेशन को बढ़ाते हैं और स्पर्म को स्वस्थ रखते है। इनमें ओमेगा-3 फैटी एसिड भरपूर मात्रा में होते हैं, जो आपके गर्भधारण की संभावना को बढ़ाते हैं। अखरोट में विटामिन-ई भी होता है, जो एक एंटीऑक्सीडेंट है जो स्पर्म काउंट और मोटिलिटी (गति) बढ़ाने में मदद करता है। अखरोट और पुरुषों की फर्टिलिटी पर किए गए अध्ययन में पाया गया कि तीन महीने तक रोजाना एक मुट्ठी (लगभग 42 ग्राम) अखरोट खाने से स्पर्म क्वालिटी में सुधार हुआ।

**टमाटर को भी करिए डाइट में शामिल**

टमाटर विटामिन ए और सी का अच्छा स्रोत है। इनमें लाइकोपीन भी होता है, जो एक फाइटोकेमिकल है जो कई लाल फलों और सब्जियों को उनका रंग देता है। लाइकोपीन स्पर्म काउंट और मूवमेंट को बेहतर बनाने के लिए जाना जाता है।

**खट्टे फल भी खाएं**

खट्टे फल विटामिन सी से भरपूर होते हैं, जो एक प्रभावी एंटीऑक्सीडेंट है। ये स्पर्म पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। इनमें पॉलीमाइन भी अधिक मात्रा में होते हैं, ये ऐसे कंपाउंड हैं जो पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए प्रजनन प्रक्रिया के लिए जरूरी हैं। नींबू, संतरे, कीनू को डाइट में शामिल कर-के आप बेहतर स्वास्थ्य लाभ पा सकते हैं।

**डेयरी उत्पाद आपके लिए लाभकारी**

अगर आप गर्भधारण करने की कोशिश कर रहे हैं तो डेयरी उत्पादों को भी आहार का हिस्सा बनाएं। इनमें विटामिन ए, ई और डी की भरपूर मात्रा पाई जाती है जो अच्छी सेहत और प्रजनन स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी है। इससे आपको जरूर कैल्शियम और प्रोटीन भी मिलता है जो शरीर को फिट और स्वस्थ रखने में मदद करता है।





# रश्मिका मंदाना ने शादी पर तोड़ी चुप्पीःकहा- मीडिया में फैल रही बातें सिर्फ अफवाहें हैं

रश्मिका मंदाना और साउथ स्टार विजय देवरकोंडा को लेकर आज एक बड़ी खबर सोशल मीडिया पर 2 फरवरी को उदयपुर में शादी को लेकर वायरल हुई। वायरल वीडियो और इंस्टाग्राम पोस्ट के बाद फैंस में यह खबर आग की तरह फैल गई कि यह कपल आज यानी 2 फरवरी 2026 को उदयपुर के सिटी पैलेस में सात फेरे ले रहा है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक जैसे ही खबर वायरल हुई, रश्मिका मंदाना ने खुद इन अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी और साफ कहा कि 2 फरवरी को किसी भी शादी की योजना नहीं है। एक्ट्रेस ने इन रिपोर्ट्स को गलत बताया और कहा कि मीडिया में फैल रही बातें सिर्फ अफवाहें हैं।

सोशल मीडिया पर एक इंस्टाग्राम वीडियो अचानक से वायरल हुआ जिसमें उदयपुर सिटी पैलेस की सजावट के वीडियो दिखाए गए। वीडियो में दो लड़कियों ने कैमरे के सामने फूलों, झाड़ू-बालियों, रंग-



बिरंगे डेकोरेशन और शानदार सजावट से भरे पैलेस में शादी की तैयारियों का दावा किया। उन्होंने कहा कि यह वेडिंग डेकोरेशन रश्मिका और विजय देवराकोंडा के लिए है और आज शादी है। वीडियो वायरल होते ही फैंस ने मान लिया कि लंबे समय से अफवाहों में रहते? यह कपल आज शादी के बंधन में बंधने वाला है। कई स्थानीय सोशल टिप्पणी और चर्चा में यह दावा भी किया गया कि होटल और पैलेस प्रबंधन ने भी तैयारी को गुप्त शादी बताया। लेकिन एक्ट्रेस ने इन रिपोर्ट्स को गलत बताया और कहा कि मीडिया में फैल रही बातें सिर्फ अफवाहें हैं। इस बयान से यह स्पष्ट होता है कि शादी अभी नहीं है। रश्मिका की टीम द्वारा यह भी बताया गया कि दोनों अपनी पर्सनल लाइफ और इवेंट्स को लेकर मीडिया में बिना आधिकारिक जानकारी के कुछ भी स्वीकार या खारिज नहीं कर रहे।

# ‘गोलमाल 5’ में अक्षय कुमार की एंट्री

## विलेन के किरदार में नजर आएंगे एक्टर, अजय देवगन से होगी जबरदस्त टक्कर



बॉलीवुड की चर्चित कॉमेडी फ्रैंचाइजी गोलमाल अब अपनी पांचवीं कड़ी के साथ दर्शकों के सामने आने वाली है और इस बार फिल्म में एक बड़ा ट्विस्ट देखने को मिलने वाला है। खबर आ रही है कि अक्षय कुमार ने गोलमाल 5 में मुख्य विलेन के रूप में एंट्री की है, जो अजय देवगन और उनकी टीम के खिलाफ स्क्रीन पर दो-दो हाथ करेंगे।

मुख्य कलाकारों में अजय देवगन फिर से इस फ्रैंचाइजी के मुख्य किरदार के रूप में नजर आएंगे, साथ ही अरशद वारसी, तुषार कपूर, कुणाल खेमू और श्रेयस तलपड़े की वापसी भी तय है। इसके अलावा जॉनी लीवर, संजय मिश्रा, मुकेश तिवारी और अश्विनी कलसेकर जैसे अनुभवी कलाकार भी इस लिस्ट में शामिल हैं। शरमन जोशी के वापस लौटने की संभावना है, जबकि करीना कपूर खान की मौजूदगी पर अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है। ह्लगोलमाल 5ह्व में अक्षय कुमार का विलेन के रूप में अभिनय इस फ्रैंचाइजी के लिए एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है, क्योंकि पहले इस सीरीज में मुख्य रूप से हल्के-फुल्के कॉमेडी ग्राफ पर ही फोकस रहा है। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में पारंपरिक ह्यूमर के साथ-साथ कुछ फैंटेसी एलिमेंट्स भी शामिल किए जाएंगे, जिससे इसे पहले से और भी बड़ा बनाया जा सके।

फिल्म की शूटिंग फरवरी के अंत में मुंबई के फिल्म सिटी में शुरू होने की उम्मीद है और फिल्म को 2027 की शुरुआत में सिनेमाघरों में रिलीज करने का लक्ष्य रखा गया है। यह पांचवीं किस्त गोलमाल फ्रैंचाइजी के 20 साल पूरे होने का जश्न भी है, क्योंकि पहली फिल्म 2006 में रिलीज हुई थी और उसके बाद सीरीज ने देशभर में बड़ी सफलता हासिल की है। बॉलीवुड में अक्षय कुमार और अजय देवगन की ऑन-स्क्रीन जुगलबंदी पहले भी कई फिल्मों में देखी जा चुकी है, जैसे सुहाग, खाकी, इंसान, सूर्यवंशी और सिंघम अगेन में दोनों ने साथ काम किया है, लेकिन गोलमाल 5 में उनका आमने-सामने आना दर्शकों के लिए एक नया सरप्राइज होगा।

# सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट करना चाहती हैं आलिया



एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने हाल ही में कहा कि कई बार उनका मन सोशल मीडिया अकाउंट को डिलीट करने का करता है। एक इंटरव्यू में आलिया ने कहा, ह्लकई दिन ऐसे होते हैं जब मैं उठकर सोचती हूं कि बस सोशल मीडिया डिलीट कर दूं और सिर्फ एक्टिंग करूं। बार-बार इस बातचीत का हिस्सा नहीं बनना चाहती, लेकिन मुझे यह भी पता है कि ऐसा करने से उन लोगों से संपर्क टूट जाएगा, जिन्होंने शुरू से मेरा साथ दिया है। मैं ऐसा नहीं चाहती।ह्व बता दें कि आलिया भट्ट देश में सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली एक्ट्रेस में से एक हैं और इंस्टाग्राम पर उनके 86 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। इंटरव्यू में आलिया ने मां बनने के बाद आए बदलावों पर भी बात की। उन्होंने बताया कि मां बनने के बाद उनकी पर्सनल लाइफ पूरी तरह बदल गई है। अब उनकी दुनिया ज्यादातर अपनी बेटी के इर्द-गिर्द घूमती है। आलिया ने कहा, ह्लअब जब पर्सनल लाइफ की बात आती है, तो वह इतनी पर्सनल हो गई है कि उसे शेयर करना थोड़ा मुश्किल लगता है। मेरे फोन की फोटो गैलरी मेरी बेटी राहा से भरी हुई है। मुझे अपनी तस्वीरें लेने के लिए अलग से मेहनत करनी पड़ती है।ह्व उन्होंने मां बनने को एक बड़ा बदलाव बताया। आलिया के मुताबिक, इससे न सिर्फ शरीर बदलता है, बल्कि सोच, प्राथमिकताएं और दुनिया को देखने का नजरिया भी बदल जाता है।

# डब्ल्यूपीएल का एलिमिनेटर आज, जीतने वाली टीम आरसीबी से खेलेगी फाइनल

**वडोदरा।** विमेंस प्रीमियर लीग में चौथे सीजन का एलिमिनेटर आज गुजरात जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में मुकाबला शाम 7.30 बजे से शुरू होगा। टॉस 7 बजे होगा। इस मैच को जीतने वाली टीम 5 फरवरी को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से वडोदरा में ही फाइनल खेलेगी।

गुजरात और दिल्ली के बीच डब्ल्यूपीएल में अब तक 8 मुकाबले खेले गए। 4-4 में दोनों को जीत मिली। इस सीजन दोनों मैच गुजरात के नाम रहे। टीम ने नवी मुंबई में 4 रन और वडोदरा में 3 रन से करीबी मुकाबला जीता। दिल्ली दोनों ही बार आखिरी ओवर में टारगेट हासिल करने से चूक गई। दिल्ली लगातार चौथे प्लेऑफ में पहुंची दिल्ली कैपिटल्स ने इस बार जेमिमा रोड्रिग्ज की कप्तानी में प्लेऑफ में जगह बनाई। टीम 8 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर रही। इससे पहले 3 सीजन तक टीम मेग लैनिंग की कप्तानी में हर बार टॉप पर रही, लेकिन फाइनल नहीं जीत सकी।

गुजरात जायंट्स ने लगातार दूसरे सीजन प्लेऑफ में जगह बनाई। टीम पिछले सीजन तीसरे नंबर पर रही, लेकिन मुंबई इंडियंस से नॉकआउट मुकाबला नहीं जीत पाई थी। गुजरात ने इस बार मुंबई को ही हराकर प्लेऑफ में एंट्री की।

**नंदनी शर्मा दिल्ली की टॉप विकेट टेकर**



डब्ल्यूपीएल के चौथे सीजन में दिल्ली कैपिटल्स को मीडियम पेसर नंदनी शर्मा का बहुत साथ मिला। जिन्होंने टूर्नामेंट की चौथी हैट्रिक समेत 15 विकेट लिए। वे टीम की टॉप विकेट टेकर हैं। वहीं साउथ अफ्रीका की लौरा वोलवार्ट ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 241 रन बनाए हैं।

**कप्तान गार्डनर गुजरात की टॉप बैटर कप्तान**

एश्ले गार्डनर ने गुजरात के लिए सबसे ज्यादा 244 रन बनाए हैं। वहीं ऑलराउंडर सोफी डिवाइन टीम की टॉप विकेट टेकर हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में भी सबसे ज्यादा 17 विकेट लिए हैं। डिवाइन ने ही दिल्ली के खिलाफ इस सीजन दोनों मुकाबले में आखिरी ओवर फेंककर गुजरात को जीत दिलाई थी।

**पिच रिपोर्ट**

वडोदरा की पिच पर शुरूआती मुकाबलों में रन स्कोरिंग मुश्किल थी। तब पहले बैटिंग करना फायदेमंद था, लेकिन पिछले कुछ मुकाबलों में रन बनाना आसान हो गया है। ऐसे में टॉस जीतने वाली पहले बॉलिंग चुन सकती है।

## दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11

**गुजरात जायंट्स:** बेथ मूनी (विकेटकीपर), सोफी डिवाइन, अनुष्का शर्मा, एश्ले गार्डनर (कप्तान), जॉर्जिया वेयरहम, भारती फूलमाली, कनिका आहूजा, काशवी गौतम, तनुजा, राजेश्वरी और रेणुका।

**दिल्ली कैपिटल्स:** लिजेल ली (विकेटकीपर), शेफाली वर्मा, लौरा वोलवार्ट, जेमिमा रोड्रिग्ज (कप्तान), मारिजान कैप, शिनेल हेनरी, निकी प्रसाद, स्नेह राणा, मिन्नू मणि, नंदनी शर्मा और श्री चरणी।

# भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलना पीसीबी को पड़ेगा भारी

**नई दिल्ली।** आईसीसी टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला मुकाबला सिर्फ एक क्रिकेट मैच नहीं होता, बल्कि यह वैश्विक खेल अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा आकर्षण माना जाता है। विशेषज्ञों के अनुमान के मुताबिक, किसी भी आईसीसी इवेंट में भारत-पाकिस्तान मैच से करीब 25 करोड़ डॉलर (2288 करोड़ रुपये से अधिक) का राजस्व पैदा होता है। ऐसे में आगामी टी20 विश्व कप में अगर यह मुकाबला नहीं होता है, तो इसका असर सिर्फ मैदान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आईसीसी, प्रसारकों और क्रिकेट बोर्डों की जेब पर सीधा पड़ेगा। हालांकि, आईसीसी पहले ही कह चुका है कि पीसीबी अगर नहीं खेलता है तो उसे इसका अंजाम भुगतना पड़ेगा। आईसीसी इस मैच के नहीं होने से होने वाले नुकसान की भरपाई पीसीबी से कर सकता है। ऐसे में पीसीबी पर बड़ा आर्थिक खतरा मंडरा रहा है।

**तनावपूर्ण रिश्ते, लेकिन ग्रुप में साथ क्यों?**

आईसीसी लगभग हर वैश्विक टूर्नामेंट में दोनों देशों को जानबूझकर एक ही ग्रुप में रखता है, ताकि दर्शकों और विज्ञापनदाताओं की दिलचस्पी बनी रहे।

**पाकिस्तान के बहिष्कार की घोषणा और नया विवाद**

इस पूरे मामले ने तब गंभीर मोड़ ले लिया जब पाकिस्तान सरकार ने 15 फरवरी को कोलंबो में प्रस्तावित भारत-पाकिस्तान मुकाबले के बहिष्कार की घोषणा कर दी। अगर पाकिस्तान अपने फैसले पर अड़ा रहता है, तो उसे ही सबसे बड़ा आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि पीसीबी की सालाना आय और इस एक मैच की कीमत में जमीन-आसमान का अंतर है।

**प्रसारकों पर सबसे बड़ा वार, जियोस्टार को झटका**

भारत-पाकिस्तान मैच नहीं होने की स्थिति में आईसीसी के साथ-साथ भारतीय मीडिया अधिकार धारक जियोस्टार को भी भारी नुकसान हो सकता है। बताया जा रहा है कि इस मुकाबले से 200 से 250 करोड़ रुपये तक का विज्ञापन राजस्व आता है। इस मैच के दौरान 10 सेकंड के विज्ञापन स्लॉट की कीमत करीब 40 लाख रुपये तक होती है।

# भारत की अनाहत ने पहला पीएसए कांस्य स्तर का खिताब जीता




**वाशिंगटन।** भारतीय युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी इंग्लैंड की जॉर्जिना केनेडी को 12-10, 11-5, 11-7 से हराकर वॉशिंगटन में पीएसए कांस्य स्तर का खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज 15 वर्ष की अनाहत ने स्क्वाश आन फायर ओपन जीता जो उनके कैरियर का 15वां खिताब है। जीत के बाद अनाहत ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। मैं इन टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी रैंकिंग बेहतर करना चाहती थी। मुझे खुशी है कि ऐसा कर सकी। यह जीत 15 वर्षीय अनाहत के करियर का सबसे बड़ा खिताब है और पीएसए टूर पर उनका कुल 15वां खिताब है जो उन्होंने मात्र 26 टूर्नामेंटों में हासिल किया।

### वार्म-अप मैच में भारत ए ने अमेरिका को 38 रन से हराया

# विश्व कप से पहले तिलक वर्मा की दमदार वापसी

**मुंबई।** टी20 विश्व कप 2026 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के आगाज में अब चार दिन का समय शेष है। सोमवार को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम पर खेले गए वॉर्म-अप मैच में भारत ए ने अमेरिका को 38 रन से हरा दिया। इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय ए टीम ने नारायण जगदीशन के शतक और आयुष बदोनी के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बनाए। जवाब में अमेरिका की टीम 19.4 ओवर में 10 विकेट पर 200 रन ही बना सकी। भारत के लिए रवि बिश्नोई ने तीन विकेट हासिल किए जबकि खलील अहमद और नमन धीर को एक-एक सफलता प्राप्त हुई।



निचले पेट की सर्जरी के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में लौटे तिलक वर्मा ने अपनी फिटनेस को लेकर टीम प्रबंधन की सभी चिंताओं को दूर कर दिया। तीन सप्ताह का रिटर्न टू प्ले प्रोटोकॉल पूरा करने के बाद मैदान पर उतरे तिलक न सिर्फ बल्लेबाजी में सहज नजर आए, बल्कि फील्डिंग और गेंदबाजी में भी पूरी तरह फिट दिखे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 24 गेंदों पर 38 रन की पारी खेली, जिसमें उन्होंने हरमीत सिंह और नॉस्थश केनजीगे की स्पिन जोड़ी के खिलाफ दो शानदार छक्के लगाए। खास बात यह रही कि उनकी बल्लेबाजी के दौरान किसी भी तरह की असहजता नजर नहीं आई।

फील्डिंग में भी तिलक वर्मा ने अपनी चुस्ती का शानदार नमूना पेश किया। उन्होंने पीछे की ओर दौड़ते हुए एक बेहतरीन कैच लपका, जिससे साईतेजा मुक्कमाला का विकेट गिरा। इसके अलावा तिलक ने गेंदबाजी भी की और एक विकेट अपने नाम किया, साथ ही एक और कैच लेकर ऑलराउंड प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को पूरी तरह संतुष्ट कर दिया।

## मंगलवार, 03 फरवरी राशिफल

आज आपको बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति हो सकती है, जिससे आप संतुष्ट महसूस करेंगे और अपने भविष्य की चिंता से मुक्त रहेंगे। शाम के समय परिवार के सदस्यों और दोस्तों के प्रति उदार रवैया रखें। परिवार के छोटे बच्चे आज आपसे कुछ निवेदन कर सकते हैं।

आज आपको अपनी अनियमित खान-पान की आदतों से बचना होगा और सेहत में आई कमी को दूर करने के लिए डॉक्टर से सलाह लेनी होगी। आज आपकी आमदनी कम और खर्चे ज्यादा होंगे, लेकिन आपको दोनों के बीच संतुलन बनाकर चलना होगा।

आज का दिन आपके लिए किसी महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने का है। आज आपके परिवार में कोई विवाद उत्पन्न हो सकता है, लेकिन आपको उस विवाद में नहीं पड़ना है और अपने तंत्र में चल रही योजनाओं को चरम सीमा तक ले जाना है, जिसमें आपको अपने भाई का सहयोग लेना पड़ सकता है।

व्यवसाय के सिलसिले में आपको कुछ यात्राएं करनी पड़ सकती हैं और आप अपने व्यवसाय की प्रगति से कम प्रसन्न दिखाई देंगे, जिसके लिए आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेने के बारे में सोच सकते हैं। संतान की शिक्षा को लेकर आज कुछ तनाव हो सकता है।

निजी संबंध प्रेम और सहयोग से भरे रहेंगे। अच्छे स्वास्थ्य के कारण आप विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। पारिवारिक व्यवसाय में आज आपको अपने जीवन साथी की सलाह की आवश्यकता पड़ेगी, जिससे भविष्य में आपको भरपूर लाभ मिलेगा।

आज आपको किसी भी स्थिति का आकलन करना होगा और दिल और दिमाग दोनों से निर्णय लेना होगा। अगर आप कहीं निवेश करने की सोच रहे हैं तो उसके लिए दिन अच्छा रहेगा। भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा। आजीविका के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को आज सफलता मिलेगी।

व्यापारिक साझेदारी में जो कुछ भी हुआ है उसका पूरा लाभ आज आपको मिलेगा, लेकिन आज कोई आपके निजी संबंधों में दरार डालने की कोशिश कर सकता है। आप अपने परिवार की सभी जिम्मेदारियों को पूरा करने में सफल रहेंगे।

शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान होने के बावजूद आप हिम्मत से जो भी काम करेंगे उसमें सफलता मिलेगी। आज आपके शत्रु कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां खड़ी कर सकते हैं, लेकिन चिंता न करें, वे आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे।

आज का दिन आपके लिए निश्चित परिणाम लेकर आएगा लेकिन फिर भी आज आपको अपने स्वास्थ्य और आर्थिक संसाधनों पर थोड़ा अधिक ध्यान देने की जरूरत है। आज आपके घर में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है।

आज आपके जीवन में कोई महत्वपूर्ण बदलाव आने की संभावना है, आपको कुछ कठिन समय से गुजरना पड़ सकता है, लेकिन याद रखें, रात के बाद ही सुबह होती है, इसलिए धैर्य बनाए रखें और सुचारु रूप से आगे बढ़ें। बड़े हो जाएं।

आज का दिन आपके लिए कुछ तनावपूर्ण रह सकता है। आज आपको अपने ऊपर हावी होने वाली संभावनाओं से बचना होगा और अपने अंतर्मन की पुकार सुननी होगी, लेकिन किसी भी मामले में अति करने से बचें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है।

आज आपने अपने व्यापार में जो अपेक्षाएं रखी थीं, उनकी पूर्ति होने से वह खिल उठेगा। अगर आप नई नौकरी की तलाश में हैं तो वह भी आज आपको मिल सकती है। उनके लिए दिन उत्तम रहेगा। निजी संबंधों के मामले में विवाद उत्पन्न हो सकता है, लेकिन आप अपनी सूझबूझ से उन्हें सुलझा भी सकते हैं।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# लाल चुनरिया ओढ़े मैया आई, जीवन में खुशियां लाई...

- मेहंदी, जागरण और जयघोष से गुंजायमान हुआ कैला महारानी सेवा उत्सव का प्रथम दिवस
- पहली बार भारत विकास परिषद अमृत शाखा कर रहा करौली में भव्य आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** राजराजेश्वरी कैला देवी ट्रस्ट आश्रम, करौली में भारत विकास परिषद अमृतम शाखा, आगरा द्वारा पहली बार आयोजित किए जा रहे कैला महारानी सेवा उत्सव का प्रथम दिवस श्रद्धा, आस्था और भक्ति के अनुपम वातावरण में संपन्न हुआ। आश्रम परिसर दिनभर जय कैला मैया और मैया तेरी महिमा अपरंपार के जयघोषों से गूंजता रहा। मेहंदी, भजन, जागरण और भक्ति गीतों के माध्यम से श्रद्धालुओं ने मां कैला मैया के प्रति अपनी आस्था और समर्पण प्रकट किया।

सेवा उत्सव के प्रथम दिवस का शुभारंभ श्रद्धालुओं द्वारा छड़ी पूजन के साथ किया गया। इसके उपरांत माता की मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने मां केला मैया को श्रद्धापूर्वक मेहंदी अर्पित की। इस पावन अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने हाथों में माता के नाम की मेहंदी लगवाई और माता के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

इसके बाद सितारों एवं सुंदर कढ़ाई से सुसज्जित लाल रंग की आकर्षक पोशाक मां कैला मैया को अर्पित की गई। सायंकाल माता का भव्य जागरण आयोजित हुआ, जिसमें भक्तिरस में डूबी भेंटों और भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। देवी जागरण के दौरान भारत विकास परिषद अमृतम शाखा के अध्यक्ष कुलभूषण गुप्ता ह्यराम भाई ने अपने स्वर से माता की भेंट प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कैला मैया आई हैं, भक्तों के घर आई हैं.... न जाने किस रूप में नारायण मिल जाएंगे... जैसे भजनों ने भक्तिभाव से आनंदित कर दिया।

सचिव राजीव गोयल और कोषाध्यक्ष मयंक जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि सेवा उत्सव के द्वितीय दिवस मंगलवार को देहरी पूजन, छप्पन भोग अर्पण, हवन, ध्वज यात्रा, कन्या पूजन तथा प्रसादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में संस्थापक संरक्षक उमेश बाबू अग्रवाल, आरएस गुप्ता, विजय अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, श्रीनाथ गुप्ता, लव कुश मिश्रा, उपाध्यक्ष महिला प्रभारी रेखा राज अग्रवाल, पुनीत कविता अग्रवाल, आलोक कविता अग्रवाल, मुकुल मनीष बंसल, हेमंत ऋषि सिंगल, डॉ. प्रतीक आरती अग्रवाल, सुनील निकिता बंसल, रामकिशन सारिका, राजेंद्र राधा, मनोज झरना, बृजमोहन रेपुरिया, राजीव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# विराट हिंदू सम्मेलन में दिखी एकजुटता

- बाबा बल्केश्वर नाथ हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा गंगे गौरी पार्क बल्केश्वर में आयोजित

एनएनआई




**आगरा।** अपने बच्चों को संतों, शास्त्रों और संघ का संग दीजिए। इन्हें दुर्गुणों से बचाइए। बर्थडे और एनिवर्सरी पर पाँच घरों में रामायण दीजिए। एक दोहा रोज हनुमान जी को सुनाइए। भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए हिंदू संस्कृति के संरक्षण का प्रयास कीजिए...

ये उद्गार संत अतुल कृष्ण भारद्वाज ने गंगे गौरी पार्क, बल्केश्वर में बाबा बल्केश्वर नाथ हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में मौजूद सैकड़ों हिंदुओं के समक्ष व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारत जब विश्व गुरु बनेगा तो विश्व से हिंसा, नफरत और आतंक खत्म होगा। उन्होंने कहा कि आरएसएस के 100 वर्ष का परिणाम है कि आज हम सब हिंदू समाज एक साथ बैठते हैं। संपूर्ण हिंदू समाज को एकजुट करने का काम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ करता है। इसलिए संघ से जुड़िए। क्षेत्रीय पार्षद हरिओम बाबा ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मैं बनिया हूँ, मैं पंडित हूँ, मैं ठाकुर हूँ.. यह कहना छोड़िए और अब कहिए कि मैं हिंदू हूँ। श्याम अग्रवाल ने 'जागो तो एक बार हिंदू जागो तो' गीत से जोश भर दिया। पौरुष, राघवेंद्र और अरुण जी की टीम ने सिख गुरुओं के त्याग और बलिदान को समर्पित नाट्य प्रस्तुति, मिष्ठी और नव्या गुप्ता ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुति से सबको भाव विभोर कर दिया। रमन अग्रवाल, ब्रह्मा गुप्ता और बृजेश गुप्ता ने संचालन किया। महामंत्री स्पर्श जैन, निश्चल गोयल, संदीप गुप्ता, पवन दिवाकर, ललिता राठौर और राजा चौधरी ने व्यवस्थाएँ संभालीं। ताराचंद मित्तल, राकेश त्यागी, मनीषा भरतिया, शशि गुप्ता, ममता सिंघल, कुमकुम उपाध्याय भी प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

# कवि कुमार ललित को गोवा में मिला सम्मान

एनएनआई




**आगरा।** गोवा के साँखली स्थित कला, विज्ञान एवं वाणिज्य शासकीय महाविद्यालय में स्नातक एवं परास्नातक हिंदी विभाग तथा हिंदी अनुसंधान केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा निराला पुरस्कार से सम्मानित आगरा के उदीयमान कवि कुमार ललित को विशिष्ट वक्ता के रूप में सहभागिता करने का गौरवशाली अवसर मिला। कुमार ललित ने अपने सारगर्भित, ज्ञानवर्धक, प्रेरणास्पद एवं विचारोत्तेजक वक्तव्य में कहा कि 'सृजनात्मक लेखनः कल्पना से अभिव्यक्ति तक' केवल कुछ शब्दों या वाक्यों का एक विशेष प्रारूप में जोड़-घटाव या संयोजन मात्र नहीं है, अपितु इसमें घनीभूत संवेदना और आत्मा के प्रकाश की झलक भी बेहद आवश्यक है। यह एक ओर बिंदु से सिंधु की यात्रा है, वहीं दूसरी ओर यह सिंधु को एक बिंदु में समेटने की कला भी है। कुमार ललित ने महाविद्यालय के युवा छात्र-छात्राओं को सृजनात्मक लेखन की प्रेरणा प्रदान करते हुए कहा कि आप भी अपने अनुभवों, एहसासों और कल्पनाओं को अभिव्यक्त कीजिए।

